▪ फाल्गुन कृष्णा - 2 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 212 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 26-02-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत



ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित

5 युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाया जाएगा : योगी आदित्यनाथ
6 लोकसभा चुनाव : मायावती के लिए करो या मरो की स्थिति
7 ऋषि सुनक ने ब्रिटेन की राजनीति में 'जहरीली' संस्कृति के प्रति आगाह किया




## फर्स्ट टेक

### लश्कर के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले से सुरक्षाकर्मियों ने रविवार को आतंकवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार कर लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर जिले में आतंकवादियों के चार सहयोगियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किया। प्रवक्ता ने गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान जहूर अहमद पंडित, बसीर हुसैन पंडित, इम्तियाज गुल और गुलजार अहमद खार के रूप में की है जो वानपोरा के निवासी हैं।

### रूसी आक्रमण शुरू होने के बाद से यूक्रेन के 31 हजार सैनिक मारे गए

**कीव/एपी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोदिमीर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि रूस द्वारा आक्रमण शुरू करने के बाद गत दो वर्षों में 31,000 यूक्रेनी सैनिक मारे गए हैं। जेलेंस्की ने कीव में यूक्रेन: वर्ष 2024 फोरम में कहा, इस युद्ध में 31,000 यूक्रेनी सैन्य कर्मी मारे गए हैं। 3,00,000 या 1,50,000 नहीं, वह नहीं जो पुतिन और उनके धोखेबाज मंडली ने झूठ बोला है। लेकिन फिर भी, इनमें से प्रत्येक का जान गंवाना हमारे लिए एक बड़ा बलिदान है।''

### 22 साल से फरार 'सिमी' के सदस्य को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस ने 'स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया' (सिमी) के 47 वर्षीय एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सिमी के सदस्य ने कई भोले-भाले युवाओं को कथित तौर पर गुमराह करने के अलावा प्रतिबंधित संगठन की एक पत्रिका का संपादन भी किया था। पुलिस के मुताबिक, हनीफ शेख पिछले 22 साल से फरार था। अधिकारियों ने बताया कि उसे 22 फरवरी को महाराष्ट्र के जलगांव जिले के भुसावल से पकड़ा गया।

| | |
|---|---|
| 26-02-2024 सूर्यास्त 6:27 बजे | 27-02-2024 सूर्योदय 6:37 बजे |
| BSE 73,142.80 (-15.45) | NSE 22,212.70 (-4.75) |
| सोना 6,459 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 72,245 रु. प्रति किलो |

# मैं विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आया हूं : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

■ मोदी ने देवभूमि द्वारका, जामनगर, पोरबंदर को 4100 करोड़ रु की विकास परियोजनाओं की दी सौगात



**देवभूमि द्वारका/वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि वह समुद्र द्वारका के दर्शन से विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आये हैं।

मोदी ने आज यहां गुजरात में विभिन्न परियोजनाओं के शुभारंभ अवसर पर कहा, मन करता था, कभी न कभी समुद्र के भीतर जाऊंगा और उस द्वारका नगरी के जो भी अवशेष हैं, उसे छूकर के श्रद्धाभाव से नमन करूंगा। अनेक वर्षों की मेरे वो इच्छा आज पूरी हुई। मैं, मेरा मन बहुत गदगद है, मैं भाव-विभोर हूं। दशकों तक जो सपना संजोया हो और उसे आज उस पवित्र भूमि को स्पर्श कर करके पूरा हुआ हो, आप कल्पना कर सकते हैं मेरे भीतर कितना अभूत आनंद होगा। कई वर्षों से जब मैंने पुरातत्वविदों से यह जाना था तो एक बहुत बड़ी जिज्ञासा थी। 21वीं सदी में भारत के वैभव की तस्वीर भी मेरी आंखों में घूम रही थी और मैं लंबे समय तक अंदर रहा। आज यहां देर से आने की वजह का कारण यह था कि मैं समंदर के अंदर काफी देर रुका रहा। मैं समुद्र द्वारका के उस दर्शन से विकसित भारत के संकल्प को और मजबूत करके आया हूँ।

प्रधानमंत्री ने इससे पहले कहा, सबसे पहले तो माता स्वरूपा मेरी अहीर बहनों जिन्होंने मेरा स्वागत किया, उनका मैं श्रद्धापूर्वक प्रणाम करता हूँ और आदरपूर्वक आभार व्यक्त करता हूँ। थोड़े दिन पहले सोशल मीडिया में एक वीडियो बहुत वायरल हुआ था। द्वारका में 37000 अहीर बहनें एक साथ गरबा कर रही थी, तो लोग मुझे बहुत गर्व से कह रहे थे कि साहब यह द्वारका में 37000 अहीर बहने! मैंने कहा भाई आपको गरबा दिखाई दिया, लेकिन वहां की एक और विशेषता यह थी कि 37000 अहीर बहनें जब वहां पर गरबा कर रही थी ना, तब वहां पर कम से कम 25000 किलो सोना उनके शरीर पर था। यह संख्या तो मैं कम से कम कह रहा हूँ। जब लोगों को पता चला कि शरीर पर 25000 किलो सोना और गरबा तो लोगों को बहुत आश्चर्य हुआ। ऐसी मातृ स्वरूपा आप सबने मेरा स्वागत किया, आपका आशीर्वाद मिला, मैं सब अहीर बहनों का शीश झुकाकर आभार व्यक्त करता हूँ।

### मोदी ने पांच एम्स का उद्घाटन किया

**राजकोट/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि देश में पिछले छह से सात दशक में हुए विकास से काफी तेज रफ्तार से उनकी सरकार में देश का विकास हो रहा है और जब दूसरों से उम्मीद खत्म हो जाती है तो उनकी गारंटी शुरू होती है। वह गुजरात के राजकोट, पंजाब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी और आंध्र प्रदेश के मंगलगिरि में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का उद्घाटन करने के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मोदी ने यहां आयोजित समारोह में 48,000 करोड़ रुपये की अनेक विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया।



## मोदी ने गहरे समुद्र में देखी 'देवभूमि द्वारका'

### गहरे समुद्र में की साहसिक स्कूबा डाइविंग

**देवभूमि द्वारका/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देवभूमि द्वारका में साहसिक स्कूबा डाइविंग कर गहरे समुद्र में डूबी पौराणिक नगरी द्वारका के दर्शन कर पुरातन भव्यता एवं दिव्यता का अनुभव किया।

मोदी ने साहसिक मानी जाने वाली स्कूबा डाइविंग कर गहरे समुद्र में भगवान श्री कृष्ण की प्राचीन नगरी द्वारका के दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने लक्षद्वीप में भी साहसिक स्कूबा डाइविंग की थी। उन्होंने इस अवसर पर कहा, पुरातत्वीय जानकारों ने द्वारका नगरी पर अनेक शोध- अनुसंधान किए हैं जिसके कारण मेरी प्राचीन द्वारका दर्शन करने तथा उसे देखने की वर्षों से इच्छा थी। मेरा यह सपना आज पूरा हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब मुझे भगवान श्री कृष्ण की पावन भूमि पर आने का अवसर मिला, तब मैंने समुद्र में रही प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन कर पुरातन भव्यता एवं दिव्यता का अनुभव किया। मैं भगवान श्री कृष्ण का स्मरण कर प्राचीन द्वारका नगरी को मोरपंख अर्पित कर गौरव का अनुभव कर रहा हूँ। उन्होंने कहा, इस दर्शन के दौरान मेरी आँखों के समक्ष 21वीं शताब्दी में भारत के वैभव की तस्वीर भी घूम रही थी। प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन कर विकसित भारत का मेरा संकल्प और मजबूत हुआ है।

### सुदर्शन सेतु



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरब सागर में बेयट द्वारका द्वीप को मुख्य भूमि ओखा से जोड़ने वाले देश के सबसे लंबे केबल-आधारित पुल 'सुदर्शन सेतु' का गुजरात के देवभूमि द्वारका जिले में रविवार को उद्घाटन किया। मोदी ने अपने दिन की शुरुआत बेयट द्वारका में भगवान श्री कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना करके की। इसके बाद उन्होंने 'सुदर्शन सेतु' नामक चार लेन के केबल पुल का उद्घाटन किया।

## इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी समेत दो लोगों की झज्जर में गोली मारकर हत्या

**चंडीगढ़/भाषा।** इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी और पार्टी के एक कार्यकर्ता की रविवार को दिल्ली के पास बहादुरगढ़ में अज्ञात हमलावरों द्वारा उनकी एसयूवी पर अंधाधुंध गोलीबारी करके हत्या कर दी गई। यह जानकारी पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दी। इस हमले में राठी द्वारा सुरक्षा के लिए रखे गए तीन निजी बंदूकधारी भी घायल हो गए। लोकसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले हुए इस हमले पर विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया जतायी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्य में कानून-व्यवस्था खराब होने का आरोप लगाया। इनेलो नेता अभय चौटाला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि राठी और उनके साथ रहे एक पार्टी कार्यकर्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## कश्मीर भारत का हिस्सा है, था और हमेशा रहेगा : फारूक अब्दुल्ला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने रविवार को यहां एक कार्यक्रम में कहा कि कश्मीर भारत का हिस्सा है, भारत का हिस्सा रहा है और हमेशा रहेगा।

'संविधान और राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' में समापन भाषण देते हुए श्रीनगर से लोकसभा सदस्य अब्दुल्ला ने आगामी आम चुनावों के मद्देनजर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में चिंता व्यक्त की और यह उम्मीद जतायी कि निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि चुनाव निष्पक्ष हो। अब्दुल्ला ने कहा, ''मैं अपने लोगों की ओर से आपके लिए शुभकामनाएं लेकर आया हूं। कश्मीर भारत का हिस्सा है, भारत का हिस्सा रहा है और भारत का हिस्सा रहेगा।'' उन्होंने कहा कि हालांकि, राष्ट्र को मजबूत बनाने के लिए इसकी विविधता को संरक्षित किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, ''धर्म हमें विभाजित नहीं करता, धर्म हमें एकजुट करता है। ऐसा कोई धर्म नहीं है जो कि खराब है बल्कि हम लोग इसका गलत अनुसरण करते हैं। अगर हम आगे बढ़ना चाहते हैं, तो आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता एक-दूसरे के साथ खड़ा होना, चुनौतियों का सामना करना है जिसका यह देश एक साथ सामना करता है, और उन कुरीतियों से लड़ना है जो हमें विभाजित करना चाहती हैं।''

नेकां अध्यक्ष ने यह दावा किया कि आज संविधान खतरे में है और संविधान को मजबूत रखने के लिए हर किसी को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ''अगर ऐसा नहीं करते हैं तो हमें आने वाले दिनों में इसका खेद होगा। जैसा कि आज हम इस मशीन (ईवीएम) पर खेद करते हैं जो कई साल पहले आयी थी।'' उन्होंने कहा, ''आज हम इस मशीन पर यकीन नहीं करते हैं क्योंकि इसमें छेड़छाड़ की गयी है और वोट देने वाले लोग यह नहीं जान पाते कि उनका वोट उसी प्रत्याशी को गया है जिसके सामने का उन्होंने बटन दबाया था।

## खाद्य सुरक्षा, मछुआरों, किसानों के मुद्दों का स्थायी समाधान चाहता है भारत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



■ डब्ल्यूटीओ बैठक

**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक में भारत खाद्य सुरक्षा के लिए खाद्यान्नों के सार्वजनिक भंडारण और मछुआरों तथा किसानों के हितों की रक्षा के स्थायी समाधान पर जोर देगा।

विश्व व्यापार संगठन की मंत्रिस्तरीय बैठक मंगलवार से शुरू हो रही है। भारत बैठक में निवेश सुविधा समझौते के लिए चीन की अगुवाई वाले प्रस्ताव का कड़ा विरोध भी करेगा।

भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल कर रहे हैं। चार दिन का 13वां मंत्रिस्तरीय सम्मेलन (एमसी13) 26 फरवरी को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अबू धाबी में शुरू होगा।

डब्ल्यूटीओ के 164 सदस्य देशों के व्यापार मंत्री लाल सागर संकट, यूक्रेन-रूस युद्ध और इजराइल-हमास संघर्ष के कारण अनिश्चित वैश्विक आर्थिक हालात की पृष्ठभूमि में बैठक कर रहे हैं।

भारत बैठक में अपने हितों के मुद्दों को पूरी ताकत के साथ उठाएगा। इन मुद्दों में खाद्य सुरक्षा, कृषि सुधार, मत्स्य पालन सब्सिडी, विवाद निपटान और डब्ल्यूटीओ सुधार शामिल हैं।

भारत खाद्य सुरक्षा के लिए अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे का स्थायी समाधान चाहता है।

सार्वजनिक भंडारण (पीएसएच) कार्यक्रम एक नीतिगत पहल है, जिसके तहत सरकार किसानों से एमएसपी पर चावल और गेहूं जैसी फसलें खरीदती है, और गरीबों को खाद्यान्न का वितरण करती है।

दूसरी ओर कृषि पर डब्ल्यूटीओ का समझौता एमएसपी पर खाद्यान्न खरीदने की सरकार की क्षमता को सीमित करता है। इस मुद्दे के समाधान के तहत भारत ने खाद्य सब्सिडी सीमा की गणना करने वाले फॉर्मूले में संशोधन जैसे उपाय करने को कहा है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने जातिवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति खत्म कर दी : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भोपाल/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के बाद देश में व्याप्त जातिवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति को पिछले 10 वर्षों में समाप्त कर दिया है। शाह ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, ''आजादी के बाद जातिवाद, भ्रष्टाचार, तुष्टीकरण और वंशवाद की राजनीति हावी रही। मोदी जी ने पिछले 10 वर्षों में इन्हें खत्म कर दिया है।'' उन्होंने कहा कि नक्सलवाद, आतंकवाद और उग्रवाद ''अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं।''

शाह ने कहा कि फिलहाल लड़ाई दो विचारधाराओं के बीच है – एक जो देश को विकसित राष्ट्र बनाना चाहती है और दूसरी, जो वंशवाद का पोषण करती है। उन्होंने दावा किया, ''(विपक्षी) 'इंडिया' गठबंधन वंशवादी राजनीति का गठजोड़ है। सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनका बेटा प्रधानमंत्री बने।''

भाजपा के वरिष्ठ नेता शाह ने दावा किया कि राकांपा संस्थापक शरद पवार अपनी बेटी, तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी अपने भतीजे, राजद प्रमुख लालू प्रसाद अपने बेटे और द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन अपने बेटे को आगे बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि लगभग 100 करोड़ लोग अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे।



## भारत-जापान ने दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया

नई दिल्ली/भाषा। भारत और जापान ने आम सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने को लेकर सहयोग बढ़ाने के लिए रविवार को राजस्थान के 'महाजन फील्ड फायरिंग रेंज' में दो सप्ताह का सैन्य अभ्यास शुरू किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना और 'जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेंस फोर्स' के बीच अभ्यास 'धर्म गार्जियन' भारत-जापान सामरिक सहयोग के व्यापक ढांचे के तहत आयोजित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि यह एक वार्षिक सैन्य अभ्यास है और बारी-बारी से भारत व जापान में आयोजित किया जाता है।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### सम्मानित पगड़ी-2335

बदनाम करो मत पगड़ी को,
कह कर उसको खलिस्तानी।
सच्चे गुरुओं के अनुयाई,
हैं देश भक्त सब बलिदानी।
आजादी का इतिहास पढ़ो,
कितनों ने ही दी कुर्बानी।
ये गौरव है हम सबके ही,
जिनसे गर्वित हिंदुस्तानी।

### सफाई



तिरुवनंतपुरम शहर की मेयर आर्या राजेंद्रन, तिरुवनंतपुरम में महिलाओं के सबरीमाला के रूप में जाने जाने वाले अट्टुकल देवी मंदिर में महिला भक्तों द्वारा पोंगाला चढ़ाने के बाद सफाई अभियान में शिरकत करती हुईं।

# भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नयी ऊंचाइयां छू रही है : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'नारी शक्ति' की प्रशंसा की और कहा कि वे हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही हैं। मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 110वीं कड़ी में कहा कि आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस देश की विकास यात्रा में नारी शक्ति के योगदान को सलाम करने का अवसर है। उन्होंने कहा, महान कवि भरतियार जी ने कहा है कि दुनिया तभी समृद्ध होगी जब महिलाओं को समान अवसर मिलेंगे। आज भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले तक किसने सोचा होगा कि भारत में भी गांवों में रहने वाली महिलाएं ड्रोन उड़ाएंगी। उन्होंने कहा, लेकिन आज यह संभव हो रहा है। आज हर गांव में ड्रोन दीदी की कितनी चर्चा है। 'नमो ड्रोन दीदी, नमो ड्रोन दीदी' हर किसी की जुबान पर है। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश के सीतापुर की 'ड्रोन दीदी' सुनीता से भी बात की।



सुनिता ने अपने ड्रोन प्रशिक्षण के बारे में बात की और बताया कि यह खेती में कैसे मदद करता है। मोदी ने कहा, आज देश में कोई ऐसा क्षेत्र नहीं है जहां नारी शक्ति पीछे रह गई हो। एक अन्य क्षेत्र जहां महिलाओं ने अपनी नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया है, वह प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता है। उन्होंने कहा कि देश की 'मातृशक्ति' धरती मां को बचाने में बड़ी भूमिका निभा रही है जो रसायनों के कारण पीड़ा और कठिनाइयों का सामना कर रही हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं अब प्राकृतिक खेती को देश के हर कोने में पहुंचा रही हैं। आज अगर जल जीवन मिशन के तहत देश में इतना काम हो रहा है तो उसमें जल समितियों की बड़ी भूमिका रही है। इन जल समितियों का नेतृत्व केवल महिलाओं के पास है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा बहनें-बेटियां जल संरक्षण के लिए भरसक प्रयास कर रही हैं। मोदी ने महाराष्ट्र की कल्याणी प्रफुल्ल पाटिल से भी बात की और प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ने के लिए उनके काम की सराहना की। उन्होंने कहा, चाहे सुनीता जी हों या कल्याणी जी, विभिन्न क्षेत्रों में नारी शक्ति की सफलता बहुत प्रेरणादायक है। मैं एक बार फिर हमारी नारी शक्ति की इस भावना की हृदय से सराहना करता हूं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने लोगों के जीवन में प्रौद्योगिकी के बढ़ते महत्व के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, मोबाइल फोन और डिजिटल गैजेट्स हर किसी के जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं ... डिजिटल गैजेट्स की मदद से अब हमें जंगली जानवरों के साथ संतुलन बनाने में मदद मिल रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ दिनों बाद तीन मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' है। उन्होंने कहा कि यह दिवस जंगली जानवरों के संरक्षण पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा, इस वर्ष, विश्व वन्यजीव दिवस की थीम में डिजिटल नवाचार को सर्वोपरि रखा गया है। आपको यह जानकर खुशी होगी कि हमारे देश के अलग-अलग हिस्सों में वन्यजीवों के संरक्षण के लिए प्रौद्योगिकी का भरपूर इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान सरकार के प्रयासों से देश में बाघों की संख्या में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र के चंद्रपुर के बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या बढ़कर 250 से अधिक हो गई है।

# प्रधानमंत्री 553 अमृत भारत रेल स्टेशन की नींव रखेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को अमृत भारत योजना के तहत 553 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की नींव रखेंगे। इन कार्यों में स्टेशन की 'रूफटॉप प्लाजा' और 'सिटी सेंटर' विकसित करना शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री एक समारोह के दौरान विभिन्न राज्यों में करीब 1,500 सड़कों पर ओवरब्रिज तथा अंडरब्रिज की नींव भी रखेंगे। यह समारोह 2,000 से अधिक रेलवे स्टेशन और कार्यक्रम स्थलों पर ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया जाएगा। प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के जरिए इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि मोदी उत्तर प्रदेश में गोमती नगर स्टेशन (लखनऊ) का भी उद्घाटन करेंगे जिसे करीब 385 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकसित किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा, ''भविष्य में यात्रियों की बढ़ती संख्या से निपटने के लिए इस स्टेशन पर आगमन और प्रस्थान की सुविधाओं को अलग-अलग कर दिया गया है। इस एयर वातानुकूलित स्टेशन में एक बड़ा सभागार, फूड कोर्ट और ऊपरी तथा निचले बेसमेंट में पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान जैसी आधुनिक यात्री सुविधाएं हैं।''

देश के 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में फैले अमृत भारत स्टेशन को 19,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से पुनर्विकसित किया जाएगा। बयान में कहा गया है कि ये स्टेशन किसी शहर के दोनों छोर को जोड़ते हुए 'सिटी सेंटर' के रूप में काम करेंगे और 'रूफटॉप प्लाजा', सुंदर भूदृश्य, बच्चों के खेलने का क्षेत्र, कियॉस्क और फूड कोर्ट जैसी आधुनिक यात्री सुविधाओं को बढ़ावा देंगे।

इसमें कहा गया है कि ये स्टेशन पर्यावरण और दिव्यांग अनुकूल बनाए जाएंगे और इन इमारतों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री 1,500 ओवरब्रिज और अंडरपास का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये 24 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में होंगे। इन परियोजनाओं की कुल लागत करीब 21,520 करोड़ रुपये है।

# तीन महीने नहीं होगा 'मन की बात' का प्रसारण, 111वीं कड़ी में नई ऊर्जा के साथ मिलूंगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 'मन की बात' का प्रसारण अगले तीन महीने नहीं होगा और इसके बाद आकाशवाणी के इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 111वीं कड़ी में वह 'नई ऊर्जा' के साथ लोगों से मिलेंगे।

इस कार्यक्रम की 110वीं कड़ी में मोदी ने मार्च के महीने में आदर्श चुनाव आचार संहिता (एमसीसी) लागू होने की संभावना जताई और पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान की अपील की।

निर्वाचन आयोग के एमसीसी दिशानिर्देश सरकारों पर आधिकारिक कार्यक्रमों या सार्वजनिक-वित्त पोषित मंचों का उपयोग किसी ऐसी चीज के लिए करने पर रोक लगाती है जिनसे सत्तारूढ़ पार्टी का प्रचार हो या राजनीतिक लाभ मिले। उन्होंने कहा, ''देश में लोकसभा चुनाव का माहौल है और जैसा पिछली बार हुआ था, संभावना है कि मार्च के





महीने में आचार-संहिता भी लग जाएगी।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह 'मन की बात' की बहुत बड़ी सफलता है कि इसकी पिछली 110 कड़ियों को 'सरकार की परछाई से भी दूर' रखा गया है। उन्होंने कहा, '''मन की बात' में देश की सामूहिक शक्ति की बात होती है, देश की उपलब्धि की बात होती है। यह एक तरह से जनता का, जनता के लिए, जनता द्वारा तैयार होने वाला कार्यक्रम है।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन फिर भी राजनीतिक मर्यादा का पालन करते हुए लोकसभा चुनाव के इन दिनों में अब अगले तीन महीने 'मन की बात' का प्रसारण नहीं होगा।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि तीन महीने बाद इस कार्यक्रम की 111वीं कड़ी का प्रसारण होगा। उन्होंने कहा, ''अगली बार 'मन की बात' की शुरुआत 111 के शुभ अंक से हो तो इससे अच्छा भला क्या होगा।''

मोदी ने कहा कि इस लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण भले ही तीन महीने के लिए रुक रहा है, लेकिन देश की उपलब्धियां नहीं रुकेंगी। उन्होंने लोगों से समाज और देश की उपलब्धियों को 'मन की बात' हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर साझा करते रहने की अपील की। उन्होंने कहा, ''जब अगली बार आपसे संवाद होगा तो फिर, नई ऊर्जा, नई जानकारियों के साथ आपसे मिलूंगा।'' प्रधानमंत्री मोदी ने कई मौकों पर विश्वास जताया है कि आगामी चुनाव में जीतकर वह फिर से सत्ता में लौटेंगे। साल 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी 'मन की बात' का प्रसारण रोक दिया गया था।

निर्वाचन आयोग के अभियान 'मेरा पहला वोट-देश के लिए' का उल्लेख करते हुए मोदी ने पहली बार मतदान के पात्र युवाओं से अधिक-से-अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, ''भारत को, जोश और ऊर्जा से भरी अपनी युवा शक्ति पर गर्व है। हमारे युवा-साथी चुनावी प्रक्रिया में जितनी अधिक भागीदारी करेंगे, इसके नतीजे देश के लिए उतने ही लाभकारी होंगे। मैं भी पहली बार मतदान करने जा रहे युवाओं से आग्रह करूंगा कि वे रिकार्ड संख्या में मतदान करें।'' उन्होंने कहा कि 18 का होने के बाद इन युवाओं को 18वीं लोकसभा के लिए सदस्य चुनने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा, ''यानी यह 18वीं लोकसभा भी युवा आकांक्षा का प्रतीक होगी। इसलिए आपके वोट का महत्व और बढ़ गया है। आम चुनावों की इस हलचल के बीच आप युवा न केवल, राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनिए, बल्कि इस दौरान चर्चा और बहस को लेकर भी जागरूक बने रहिए। और याद रखिएग 'मेरा पहला वोट - देश के लिए'।''

# एकरूपता की संस्कृति थोपे जाने पर लोकतंत्र 'फासीवाद' में हो जाता है तब्दील : विजयन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

त्रिशूर (केरल)/भाषा। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने राज्य को धार्मिक सद्भाव, सह-अस्तित्व और भाईचारे का अंतिम स्थान बताते हुए रविवार को कहा कि जब एक भाषा, एक संस्कृति, एक धर्म जैसी एकरूपता की संस्कृति थोपी जाती है तो लोकतंत्र 'फासीवाद' में तब्दील हो जाता है। उन्होंने सांस्कृतिक नेताओं से देश में ''सांप्रदायिकता और फासीवाद'' से लड़ने की भी अपील की।

विजयन ने कहा कि देश का सांस्कृतिक इतिहास विविधता से समृद्ध है। उन्होंने कहा, ''जब एक भाषा, एक संस्कृति, एक धर्म जैसी एकरूपता की संस्कृति थोपी जाती है तो लोकतंत्र 'फासीवाद' में तब्दील हो जाता है।''

मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के जनसंपर्क कार्यक्रम 'नव केरल सदा' के तहत आयोजित 'फेस-टू-फेस' कार्यक्रम में यह कहा। कार्यक्रम में राज्य के संस्कृति क्षेत्र



से जुड़े लोगों ने हिस्सा लिया।

विजयन ने कहा कि सांस्कृतिक क्षेत्र में भी संघवाद की भावना की रक्षा की जानी चाहिए।

वाम नेता ने कहा, केरल धार्मिक सद्भाव, सह-अस्तित्व और भाईचारे का अंतिम स्थान है। हमें केरल की संस्कृति को संरक्षित रखते हुए भारत की अवधारणा को मजबूत करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर कला और कलाकार को बचाना है, अगर लेखन और लेखकों को बचाना है, तो हमें उन ताकतों से लड़ना होगा जो लोगों के बीच एकता की नींव को नष्ट कर देती हैं। हमारे दरवाज़े पर फासीवाद के पहुंचने के बाद अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की बात करने का कोई मतलब नहीं रह जाता है।

# ईडी ने फेमा मामले में हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों को सोमवार को तलब किया

मुंबई/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के उल्लंघन मामले में मुंबई स्थित प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों निरंजन हीरानंदानी और उनके बेटे दर्शन हीरानंदानी को पूछताछ के लिए 26 फरवरी को तलब किया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि निरंजन एवं दर्शन हीरानंदानी को केंद्रीय एजेंसी के मुंबई स्थित कार्यालय में उपस्थित होने के लिए कहा गया है, लेकिन वे एक अधिकृत प्रतिनिधि के जरिये अपनी प्राथमिक प्रतिक्रिया देने का विकल्प चुन सकते हैं।

दर्शन हीरानंदानी पिछले कई सालों से दुबई में रह रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने फेमा के उल्लंघन के आरोपों की जांच के सिलसिले में, रियल एस्टेट समूह हीरानंदानी के मुंबई में और उसके आसपास स्थित लगभग चार परिसरों पर पिछले सप्ताह छापे मारे थे।

ऐसा बताया जा रहा है कि कुछ विदेशी लेनदेन के अलावा, एजेंसी हीरानंदानी समूह के प्रवर्तकों से कथित तौर पर जुड़े ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स (बीवीआई) स्थित एक न्यास के लाभार्थियों की भी जांच कर रही है।

समूह ने कहा है कि वह फेमा संबंधी इस जांच में संघीय एजेंसी के साथ सहयोग करेगा।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस जांच का तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा के खिलाफ फेमा संबंधी एक अन्य मामले से कोई लेना-देना नहीं है। मोइत्रा को हाल में लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया था।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
उपलब्ध
PURVA BLUE BELLE
Adjacent to Magadi Road Metro Station
(Purple lane) Rajajinagar
3 Bedroom Jodi units
5 Bedroom + Servant room with all
Luxurious Amenities.
Direct metro from here to ITPL (white field) /
KR PURAM/ BYYAPPANAHALLI .
Very good Convenience
those who are working above areas.
Only few units left for Sale.
Contact Owner: 9844027560

# अगले वित्त वर्ष में यात्री वाहन उद्योग की वृद्धि पांच प्रतिशत से कम रहेगी : टाटा मोटर्स

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नई दिल्ली/भाषा। घरेलू यात्रा वाहन उद्योग की वृद्धि अगले वित्त वर्ष में घटकर पांच प्रतिशत से नीचे आने की संभावना है। टाटा मोटर्स पैसेंजर वेहिकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने यह बात कही है। हालांकि, कंपनी को भरोसा है कि देश में चार्जिंग बुनियादी ढांचे के विकास की धीमी गति के बावजूद इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री बढ़ेगी।

चंद्रा ने विश्लेषक कॉल में कहा, ''हमने वित्त वर्ष 2022-23 में 25 प्रतिशत की बहुत मजबूत वृद्धि दर्ज की थी, इसके 2023-24 में इसके घटकर आठ प्रतिशत पर आने की आशंका है। यह वृद्धि ऊंचे आधार प्रभाव की वजह से इस स्तर पर आएगी। ऐसे में 2024-25 कुछ अधिक चुनौतीपूर्ण होगा और वृद्धि घटकर पांच प्रतिशत से कम रह जाएगी।'' उन्होंने आगे कहा, ''जहां तक ईवी का सवाल है, मुझे लगता है कि यहां सबसे बड़ी चुनौती चार्जिंग ढांचे की कमी है। जिस तेजी से ईवी की स्वीकार्यता बढ़ रही है, चार्जिंग ढांचा उतनी तेजी से नहीं बढ़ पा रहा है।'' अन्य चुनौतियों का जिक्र करते हुए चंद्रा ने कहा कि पिछली तिमाही से जिंस कीमतें स्थिर हैं। ऐसे में आगे चलकर कुछ चीजों के दामों के ऊंचा जाने का जोखिम है। ''इसलिए हमारी इसपर करीबी नजर है।'' चंद्रा ने बताया कि 2023 में जहां कुल यात्री वाहन उद्योग आठ प्रतिशत की दर से बढ़ा है, वहीं ईवी की बिक्री में 95 से 100 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

चंद्रा ने कहा, ''और मुझे लगता है कि यह प्रवृत्ति जारी रहने की संभावना है। इसलिए सीएनजी और ईवी में मजबूत पोर्टफोलियो वाली कंपनियां आगे बढ़ेंगी।''

उन्होंने बताया कि टाटा मोटर्स ने ईवी के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचे का विस्तार करने को सहयोग की एक मुक्त रणनीति अपनाई है। चंद्रा ने कहा, ''यह देखते हुए कि ईवी बाजार के विस्तार के लिए चार्जिंग बुनियादी ढांचा जरूरी है, हम सभी चार्ज पॉइंट परिचालकों और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के साथ सहयोग के एक खुले दृष्टकोण को अपना रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि कंपनी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए अपने विशिष्ट बिक्री नेटवर्क का विस्तार करेगी।

### उद्घाटन



असम के कैबिनेट मंत्री पीयूष हजारिका ने रविवार को गुवाहाटी में जिम बर्न जोन के उद्घाटन के दौरान रिबन काटा।

# अंबानी के पुत्र के शादी-पूर्व समारोहों में उद्योगपतियों से लेकर फिल्म अभिनेता होंगे शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। अरबपति उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे पुत्र अनंत अंबानी की शादी से पहले आयोजित होने वाले समारोहों में देश-विदेश की बड़ी हस्तियों को आमंत्रित किया गया है। अनंत की शादी जुलाई में है, लेकिन विवाह से जुड़े तीन दिन के कार्यक्रम एक मार्च से शुरू होंगे। गुजरात के जामनगर में होने वाले शादी से पहले के इन समारोहों में बड़े उद्योगपतियों, फिल्मी सितारों से लेकर क्रिकेटरों को शामिल होने का न्योता दिया गया है। शादी से पहले होने वाले समारोहों की मेहमानों की सूची में उद्योगपति गौतम अडाणी और सुनील भारती मित्तल सहित दिग्गज फिल्म अभिनेता अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान के नाम शामिल हैं। इसके अलावा क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर से लेकर एम एस धोनी को भी निमंत्रण भेजा गया है। जामनगर में ही मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज की विशाल तेल रिफाइनरियां हैं।

मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के तीन बच्चों में सबसे छोटे अनंत अंबानी की शादी राधिका मर्चेंट से हो रही है। राधिका एनकोर हेल्थकेयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वीरेन मर्चेंट और उद्यमी शैला मर्चेंट की छोटी पुत्री हैं। चूंकि जामनगर में कोई पांच सितारा होटल नहीं है, ऐसे में मेहमानों के लिए टाइल वाले बाथरूम सहित सर्वोत्तम सुविधाओं वाले अल्ट्रा-लक्जरी टेंट बनाए जा रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि अतिथियों की सूची में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई, एडोब के सीईओ शांतनु नारायण, वॉल्ट डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर शामिल हैं। भारतीय उद्योग जगत के दिग्गजों गौतम अडाणी और परिवार, टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन, आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला और उनका परिवार, गोदरेज परिवार, इन्फोसिस के प्रमुख नंदन नीलेकणि, आरपीएसजी समूह के प्रमुख संजीव गोयनका, विप्रो के ऋषद प्रेमजी, बैंकर उदय कोटक को भी इन समारोहों के लिए आमंत्रित किया गया है। टीके बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया के सीईओ अदार पूनावाला, एयरटेल के चेयरमैन सुनील मित्तल, हीरो के पवन



मुंजाल, एचसीएल की रोशनी नादर, जेरोधा के सह-संस्थापक निखिल कामत, उद्यमी रोनी स्क्रूवाला और सन फार्मा के दिलीप सांघी को भी इन समारोहों का निमंत्रण दिया गया है। आमंत्रित लोगों की सूची में क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और उनका परिवार, एम एस धोनी और परिवार, रोहित शर्मा, के एल राहुल, हार्दिक और क्रुणाल पांड्या और इशान किशन का नाम भी शामिल है। बॉलीवुड का प्रतिनिधित्व मेगा स्टार अमिताभ बच्चन और उनका परिवार अभिषेक और ऐश्वर्या राय बच्चन, शाहरुख खान और परिवार, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना, अजय देवगन और काजोल, सैफ अली खान और परिवार, चंकी पांडे, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट और विक्की कौशल और कैटरीना कैफ करेंगे। इनके अलावा इस सूची में माधुरी दीक्षित और श्रीराम नेने, आदित्य और रानी चोपड़ा, करण जौहर, बोनी कपूर और परिवार, अनिल कपूर और परिवार, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और करिश्मा कपूर, रजनीकांत और परिवार शामिल हैं।

आमंत्रित लोगों को भेजी गई 'इवेंट गाइड' के अनुसार, तीन दिन के कार्यक्रम थीम पर आधारित होंगे मेहमानों को दिल्ली और मुंबई से जामनगर तक लाने और वापस पहुंचाने के लिए चार्टर्ड उड़ानों की व्यवस्था की गई है। मेहमानों के एक मार्च को दोपहर तक आने की उम्मीद है। इन समारोहों में दिलजीत दोसांझ और हॉलीवुड पॉप-आइकन रिहाना तथा अन्य कलाकार अपने प्रदर्शन से मेहमानों का मनोरंजन करेंगे। पहले दिन के समारोह को 'एन इवनिंग इन एवरलैंड' का नाम दिया गया है, जहां मेहमानों से 'कॉकटेल पोशाक' पहनने की उम्मीद की जाती है। दूसरे दिन 'ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड' की मेजबानी की जाएगी, जिसमें 'जंगल फीवर' का ड्रेस कोड होगा। तीसरे दिन के लिए, दो कार्यक्रमों - 'टस्कर ट्रेल्स' और 'हस्ताक्षर' की योजना बनाई गई है।

# महादयी परियोजना को लगे झटके के लिए कांग्रेस पार्टी जिम्मेदार : बसवराज बोम्मई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



हुब्बल्ली। पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रविवार को महादायी योजना को लगे झटके के लिए कांग्रेस पार्टी को जिम्मेदार ठहराया और उस पार्टी के ट्रिब्यूनल में जाने से परियोजना में 8-10 साल की देरी हुई।

उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि 'अब तक, न्यायाधिकरण को स्थानांतरित करने की कोई आवश्यकता नहीं थी, लेकिन इसका गठन तब किया गया था जब डॉ. मनमोहन सिंह कांग्रेस पार्टी के प्रधान मंत्री थे। इसलिए, परियोजना में 8-10 साल की देरी हुई। उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी द्वारा की गई सबसे बड़ी गलती थी।'

कांग्रेस ने बनाई दीवार

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने ट्रिब्यूनल को लिखित में दिया और दीवार बनाई। वह पार्टी पेयजल योजनाओं में दीवार खड़ी करने के लिए बदनाम रही है। भाजपा ने नहर बनवाई तो कांग्रेस पार्टी ने दीवार बनवाई। कांग्रेस पार्टी जब भी गोवा में सत्ता में थी, इस परियोजना का विरोध करती रही थी। लेकिन डीपीआर की इजाजत तब भी दी गई थी जब गोवा में बीजेपी की सरकार थी। अब पर्यावरण मंजूरी के इंतजार में योजना लटक गई है। संबंधित मंत्रालय ने कुछ दस्तावेज मांगे हैं और उन्हें उपलब्ध कराया जाना चाहिए। यदि ऐसा किया गया, तो भाजपा केंद्र सरकार पर इस परियोजना को मंजूरी देने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश देने का दबाव बनाएगी। कांग्रेस पार्टी ने पर्यावरण विभाग की अनुमति के बिना ही रेनस्वे का आह्वान किया था। क्या काम को आगे बढ़ाना संभव है? इसी वजह से गोवा सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है।

भाजपा नेता ने राज्य सरकार से कृष्णा, महादायी और मेकेदातु परियोजनाओं के संबंध में अदालत में प्रभावी ढंग से बहस करने का आग्रह किया। वर्ष 2010 में कृष्णा परियोजना से संबंधित एक न्यायाधिकरण का आदेश आ चुका है लेकिन कांग्रेस पार्टी ने कभी भी उस आदेश का विरोध करते हुए चुनौती याचिका दायर नहीं की। वे उस महाराष्ट्र के पीछे चले गए जिसने रिट याचिका दायर की है। पिछली भाजपा सरकार ने किसानों को मुआवजा देने के लिए 5000 करोड़ रुपये आरक्षित किये थे।

इस सवाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कि केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी और बसवराज बोम्मई झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं, पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग जानते हैं कि कौन सच बोल रहा है और कौन झूठ बोल रहा है। क्या कांग्रेस के नेता सत्य हरिश्चंद्र हैं?

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से जो वादा किया था, वह किया है. पद संभालने के तीन महीने के भीतर, प्रधान मंत्री ने सभी राज्यों को करों के रूप में एकत्र किए गए धन के वितरण को 32 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर दिया। क्या मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने वादे के मुताबिक काम किया? सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी ने जहां केंद्र सरकार के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया, वहीं विपक्षी भाजपा ने केंद्र सरकार के समर्थन में प्रस्ताव पेश किया। भाजपा जनता के सामने जाकर सच्चाई बताएगी।

स्वागत



रविवार को बेंगलूरु में केपीसीसी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में चन्नपट्टना के भाजपा नेता मालवे गौड़ा अपने समर्थकों के साथ उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, जो केपीसीसी अध्यक्ष भी हैं, की उपस्थिति में कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। इस मौके पर पूर्व विधायक अश्वथ, नेता रघुनंदन रमन्ना, डुन्थुर विश्वनाथ और अन्य उपस्थित थे।



# सत्ता से हटाकर ही संविधान बदलने वालों से लोकतंत्र बचाया जा सकता है : सिद्दरामैया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने चेतावनी दी है कि अगर संविधान बदलने आए लोगों को सत्ता से नहीं हटाया गया तो लोकतंत्र नहीं बचेगा। उन्होंने पैलेस मैदान में आयोजित संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन के समापन समारोह का उद्घाटन किया।

पूरी दुनिया के सभी संविधानों को अध्ययन कर और उसमें से सर्वोत्तम सार निकालकर बाबा साहेब अम्बेडकर ने सभी के लिए सामाजिक न्याय के अधिकारों को हमारे संविधान में शामिल किया। उन्होंने बताया कि हमारा संविधान बुद्ध, बसवदि शरण, वचन क्रांति और कुवेम्पु, नारायणगुरु, विवेकानंद आदि की इच्छाओं का प्रतीक है।

सिद्दरामैया ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के मंत्रिमंडल में केन्द्रीय मंत्री रहे अनंत हेगड़े ने कहा कि हम संविधान बदलने के लिए सत्ता में आए हैं। उनकी इस बात की निंदा न तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की, न ही अमित शाह ने और न ही आरएसएस ने की। इससे साफ जाहिर है कि बीजेपी और आरएसएस का महत्वांकांक्षी एजेन्टा क्या है। उन्होंने कहा कि पूरे देश के लोगों को इस बारे में जागरूक रहना चाहिए।

हमारे संविधान में इस देश के मेहनतकश लोगों के अधिकार, मजदूर, किसान, श्रमिक और महिला समुदाय का अस्तित्व छिपा है। संवैधानिक परिवर्तन द्वारा इन सभी समुदायों को पुनः गुलामी में धकेल दिया जाएगा। उन्होंने कहा, याद रखें कि जब कोई संविधान नहीं था तो शूद्रों, दलितों और श्रमिकों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था। समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन के समापन समारोह में एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, समाज कल्याण विभाग के मंत्री एचसी महादेवप्पा, भारतीय संघ के नेता फारूक अब्दुल्ला, सीताराम येचुरी समेत 18 राज्यों के 40 नेताओं और 12 पार्टियों के नेताओं ने भाग लिया।

# कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के शोरापुर से कांग्रेस विधायक राजा वेंकटप्पा नाइक का रविवार को एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वह 64 वर्ष के थे और दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हुआ।



वेंकटप्पा नाइक के निधन की पुष्टि 'मणिपाल अस्पताल' ने अपराह्न एक बजकर करीब 50 मिनट पर की। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि उनके परिवार ने निजता का सम्मान करने का अनुरोध किया है। चार बार के विधायक को हाल ही में कर्नाटक राज्य भंडारण निगम के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया और उपमुख्यमंत्री ने अस्पताल का दौरा किया और दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी। सिद्दरामैया ने अपने लंबे समय के राजनीतिक सहयोगी के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, मैं उनसे तीन दिन पहले मिला था और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली थी। उन्होंने कहा, लोगों के बीच लोकप्रिय राजा वेंकटप्पा नाइक का निधन व्यक्तिगत और राज्य की राजनीति दोनों के लिए एक अपूरणीय क्षति है, मैं प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को शांति मिले और उनके परिवार और प्रशंसकों को दुख सहन करने की शक्ति मिले।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शोक जताते हुए कहा, 'वह (नाइक) हमेशा मुस्कुराते रहते थे और सभी को साथ लेकर काम करते थे।' उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने भी अस्पताल में पहुंचकर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने राजा वेंकटप्पा नाइक के परिजनों को ढांढस दिलाया।

# संविधान बदलने के प्रयास किए जा रहे : मल्लिकार्जुन खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को दावा किया कि संविधान को बदलने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों को चेताया कि ''अगर वे आगामी लोकसभा चुनाव में मजबूती से और एकजुट होकर खड़े नहीं हुए तो भारत में निश्चित रूप से तानाशाही होगी।'' वह यहां 'संविधान एवं राष्ट्रीय एकता सम्मेलन-2024' के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

खरगे ने दावा किया, कई लोग संविधान को मिटाने या बदलने की कोशिश कर रहे हैं। यदि आप आगामी चुनाव में मजबूत और एकजुट नहीं होते हैं और यदि संविधान प्रभावित होता है, तो यह निश्चित है कि आने वाले दिनों में इस देश में तानाशाही होगी। क्या आप तानाशाही चाहते हैं या न्याय के साथ जीवन जीना चाहते हैं, यह (तय करना) महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''अगर संविधान बचेगा, तो इस देश की एकता बचेगी। अगर लोकतंत्र बचा रहेगा, तो हर कोई समृद्धि के साथ रह सकता है। लेकिन, आज केंद्र में ऐसी सरकार नहीं है जो या तो संविधान की रक्षा करती हो, या संविधान को ध्यान में रखकर काम करती हो।''



कांग्रेस अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि इसीलिए संविधान की रक्षा करना और उसका पालन करना सबसे महत्वपूर्ण है। खरगे ने नागरिकों से एक निश्चित विचारधारा थोपने की कोशिश करके उन्हें गुमराह करने के प्रयासों से सावधान रहने का आह्वान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि मौजूदा संविधान को हटाकर नया संविधान बनाने की साजिश की जा रही है।

खरगे ने दावा किया, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी संविधान की रक्षा के बारे में बात करते हैं, लेकिन संविधान के रक्षक (विपक्षी नेताओं पर) ईडी का उपयोग क्यों कर रहे हैं, विपक्ष शासित राज्यों या सरकारों पर नियंत्रण पाने के लिए विपक्षी दलों के विधायकों को क्यों खरीद रहे हैं, जैसा कि कर्नाटक, मणिपुर और गोवा में किया गया है। यह कहां तक संवैधानिक है। उन्होंने कहा कि अगर यह ''सनक'' जारी रही तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है जब इस देश में तानाशाही होगी।

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सरकार की ''गारंटी'' या कम से कम भाजपा सरकार की ''गारंटी'' कहने के बजाय ''मेरी गारंटी'' कहने के आदी हैं। उन्होंने कहा, ''यह आपकी (मोदी) कैसी गारंटी है? यह आपकी नहीं है, जब देश के लोग कर अदा करके पैसा देते हैं....अगर कोई व्यक्ति इस प्रकार कहता है कि मैंने किया, मैंने किया, मैं, मैंने....तो वह एक दिन देश को तानाशाही की ओर ले जाएगा।''



# न्यायमूर्ति निलय विपिनचंद्र अंजारिया ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। न्यायमूर्ति निलय विपिनचंद्र अंजारिया ने रविवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने राजभवन के 'ग्लास हाउस' में आयोजित एक समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, विधान परिषद के सभापति बसवराज होराट्टी, कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच. के. पाटिल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। न्यायमूर्ति अंजारिया पहले गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश थे और इस महीने की शुरुआत में उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने उनके नाम की सिफारिश की थी।

न्यायमूर्ति पी.एस. दिनेश कुमार 62 वर्ष की आयु हो जाने के कारण 24 फरवरी को सेवानिवृत्त हो गए थे जिसके बाद न्यायमूर्ति अंजारिया ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में कार्यभार संभाला। न्यायमूर्ति अंजारिया को नवंबर 2011 में गुजरात उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था और तब से वह वहीं कार्यरत थे। कॉलेजियम ने उनके नाम की सिफारिश करते हुए अपनी टिप्पणी में कहा था कि न्यायाधीश के रूप में पदोन्नति से पहले न्यायमूर्ति अंजारिया ने दीवानी, संवैधानिक, कंपनी कानून, श्रम और सेवा संबंधी मामलों में गुजरात उच्च न्यायालय में वकालत की थी।

# बहुत जल्द ही जारी होगी लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची : येडीयुरप्पा

चिकमगलुरू/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अनुभवी नेता एवं पार्टी संसदीय बोर्ड के सदस्य बी. एस. येडीयुरप्पा ने रविवार को कहा कि उन्हें उम्मीद है कि भाजपा आगामी तीन-चार दिनों में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर देगी।



कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के कारण पूरे देश और राज्य में भाजपा के पक्ष में माहौल है।

येडीयुरप्पा ने एक सवाल के जवाब में कहा, ''...हमें तीन या चार दिनों में पता चल जाएगा कि उम्मीदवार कौन है और क्या कोई बदलाव है... मुझे उम्मीद है (पहली सूची तीन या चार दिनों में जारी होगी)।''

उन्होंने आगे कहा कि मोदी के कारण पूरे देश में और यहां तक कि कर्नाटक में भी भाजपा के पक्ष में माहौल है और पार्टी का प्रयास राज्य की सभी 28 लोकसभा सीट जीतने का है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''मुझे पूरा भरोसा है कि हम इसमें सफल होंगे।''

भाजपा ने 2019 के आम चुनावों में राज्य की कुल 28 सीट में से 25 सीट पर जीत दर्ज की थी, जबकि पार्टी समर्थित निर्दलीय सुमलता अंबरीश मंड्या में विजयी हुई थीं। भाजपा द्वारा मंड्या सीट गठबंधन सहयोगी जनता दल एस को दिए जाने की संभावना के बीच सुमलता अंबरीश के अपने समर्थकों के साथ बैठक करने के बारे में पूछे जाने पर येडीयुरप्पा ने कहा, ''कुछ भी चर्चा नहीं हुई है, मेरे पास कोई जानकारी नहीं है, कुछ दिनों में चीजें स्पष्ट होंगी।''



# नम्मा यात्री ऑटो चालकों द्वारा सुरक्षा और अच्छी सेवा की प्रतिज्ञा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 'नम्मा सारथी संगम' द्वारा नम्मा यात्री ने बेंगलूरु सिटी पुलिस के साथ साझेदारी करते हुए शहर की गतिशीलता में सुधार करने के लिए शीर्ष 500 ड्राइवरों को एक साथ लाया गया। सुरक्षा, सेवा एवं नम्मा ड्यूटी प्रतिज्ञा का पाठ किया गया। इस कार्यक्रम ने अपने उन्नत सुरक्षा उत्पाद के लॉन्च के माध्यम से नम्मा यात्री की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। मुख्य विशेषताओं में एक-क्लिक एसओएस बटन, ग्राहक-ट्रिगर सुरक्षा ट्रैकिंग, पुलिस नियंत्रण केंद्रों के साथ सहज एकीकरण और 24गुणा7 समर्पित सुरक्षा टीम शामिल है। इसके अतिरिक्त, यात्री सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रात के समय सुरक्षा जांच शुरू की गई है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समुदाय की भागीदारी थी, जिसमें ड्राइवरों ने सुरक्षा नारा लगाते हुए प्रतिज्ञा ली और अपने ऑटो में सुरक्षा घोषणा पत्र चिपकाया, जिससे एक सुरक्षित और संरक्षित बेंगलूरु बनाने के लिए उनके समर्पण को मजबूत किया गया।

कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त बी दयानंद ने शहर की गतिशीलता में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बेंगलुरु के ऑटो-रिक्शा चालकों की सराहना की। उन्होंने कहा, 'नम्मा सारथी' संगम इन ड्राइवरों को सम्मानित करने और सशक्त बनाने के लिए नम्मा यात्री और सरकार के साथ हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिससे सभी बेंगलूरु नागरिकों के लिए सुरक्षा और सुविधा में सुधार होगा।

संयुक्त पुलिस आयुक्त यातायात एमएन अनुचेथ ने ड्राइवरों को पहचानने और सशक्त बनाने के महत्व पर जोर देते हुए इस भावना को दोहराया।

राज्यसभा के पूर्व सांसद और एसआईटीके के उपाध्यक्ष प्रोफेसर राजीव गौड़ा ने कहा, स्थायी भविष्य के निर्माण के लिए समाज, सरकार और व्यवसाय की सामूहिक भावना आवश्यक है। परिवहन चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमें प्रौद्योगिकी और लोगों को एकजुट करना होगा।



उद्घाटन

भाजपा सांसद लहर सिंह सिरोया ने रविवार को यहां हनुमंतपुरा में शुद्ध पेयजल यूनिट का उद्घाटन किया। दस लाख रुपए लागत वाली इस यूनिट के लिए एमएलसी और सांसद निधि का उपयोग किया गया है। इससे 220 घरों को पेयजल मिलेगा। इस अवसर पर मागड़ी के पूर्व विधायक ए मंजूनाथ ने सांसद सिरोया को धन्यवाद दिया। बड़ी संख्या में मौजूद स्थानीय निवासियों ने भी सांसद की सराहना की।

# ऊँची जाति की लड़की से शादी करने पर तमिलनाडु में युवक की हत्या

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। ऑनर किलिंग के एक नये मामले में चेन्नई में पांच लोगों ने 25 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या कर दी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। मृतक की पहचान 25 वर्षीय प्रवीण के रूप में हुई है। उसने नवंबर में शर्मी से शादी की थी जो ऊंची जाति की है। शर्मी के बड़े भाई दिनेश ने चार अन्य लोगों के साथ मिलकर प्रवीण की हत्या कर दी। प्रवीण को चेन्नई के क्रोमपेट जनरल अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पांचों हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है।



# भजनलाल ने धौलपुर के लाडली जगमोहन मंदिर में किए दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

धौलपुर। राजस्थान में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रविवार को धौलपुर के मचकुण्ड धाम स्थित लाडली जगमोहन मंदिर में दर्शन किए। शर्मा ने मंदिर में दर्शन कर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विधिवत रूप से पूजा अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली एवं सुख-समृद्धि के लिए कामना की।

इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सी पी जोशी, सांसद डॉ. मनोज राजोरिया एवं विधायक जसवंत सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## कांग्रेस को सिर्फ एक परिवार की चिंता, हम जनता की आवाज सुनते हैं : शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वह सिर्फ एक परिवार की चिंता करती है, जबकि भाजपा जनता के बीच जाकर उनकी आवाज सुनती है। धौलपुर के बाड़ी में ईआरसीपी आभार सभा को संबोधित करते हुए शर्मा ने कांग्रेस पर पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लटकाने और भटकाने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस सिर्फ एक परिवार की चिंता करती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी को आगे बढ़ाना चाहती हैं। शर्मा ने कहा, ''सोनिया जी को केवल राहुल की और राजस्थान में अशोक गहलोत को अपने पुत्र वैभव गहलोत की चिंता है।'' उन्होंने कहा, ''हम जनता के बीच जाते है, उनकी समस्याएं सुनते हैं। बूथ से लेकर मंडल, जिला, प्रदेश, राष्ट्र स्तर तक हमारा एक-एक कार्यकर्ता जनता के बीच काम करता है...हम जनता की चिंता करते है, इसलिए लोग हमें प्यार करते हैं।'' शर्मा ने कहा कि इस परियोजना में 90 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी और 10 प्रतिशत राशि राज्य सरकार वहन करेगी।

इस अवसर पर केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, सांसद सीपी जोशी, डॉ. मनोज राजोरिया और विधायक जसवंत सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# भारत-जापान संयुक्त अभ्यास 'धर्मा गार्डियन' राजस्थान में हुआ शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय सेना और जापानी ग्राउंड सेल्फ डिफेन्स फोर्सेस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'धर्मा गार्डियन' का पांचवां संस्करण रविवार को राजस्थान के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में शुरू हुआ। यह अभ्यास 25 फरवरी से नौ मार्च तक आयोजित किया जाएगा। 'धर्मा गार्डियन' एक वार्षिक अभ्यास है जो भारत और जापान में वैकल्पिक रूप से आयोजित किया जाता है। दोनों पक्षों के दल में 40 सैन्यकर्मी शामिल हैं। जापानी दल का प्रतिनिधित्व 34वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा किया जा रहा है और भारतीय सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व राजपूताना राइफल्स की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है।

इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र प्राधिकार के अध्याय आठ के तहत अर्द्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त संचालन को अंजाम देने के लिए सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना और संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। यह अभ्यास उच्च स्तर की शारीरिक फिटनेस, संयुक्त योजनाओं और विशेष हथियार कौशल की मूल बातों पर केंद्रित होगा। इस अभ्यास के दौरान अस्थायी ऑपरेटिंग बेस की स्थापना, खुफ़िया जानकारी की तैयारी, निगरानी और पूर्व-परीक्षण की तैयारी, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट स्थापित करना, एक शत्रुतापूर्ण गांव में कॉर्डन और खोज संचालन निष्पादित करना, हेलीबोर्न संचालन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल शामिल होंगे। इस दौरान 'आत्मनिर्भर भारत' के तहत देश की बढ़ती रक्षा और औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करते हुए हथियार और उपकरण का प्रदर्शन भी आयोजित किया जाएगा।

जापान ग्राउंड सेल्फ डिफेन्स फोर्स की पूर्वी सेना के कमांडिंग जनरल ऑफिसर, लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी यूची भी 'धर्मा गार्डियन' अभ्यास के दौरान भारत का दौरा करने वाले हैं। लेफ्टिनेंट जनरल तोगाशी यूची आगामी तीन मार्च को महाजन फील्ड फायरिंग रेंज का दौरा करेंगे और कॉम्बैट शूटिंग, विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल देखेंगे।

'धर्मा गार्डियन' अभ्यास से दोनों पक्षों में स्ट्रेटेजिक संचालन की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने में सक्षम होंगे। यह अभ्यास दोनों पक्षों के सैनिकों के बीच अंतर-संचालन, मेल-मिलाप विकसित करने की सुविधा भी प्रदान करेगा। इससे रक्षा सहयोग का स्तर बढ़ेगा और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा।



# भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के 'मन की बात'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने रविवार यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 110वें संस्करण को सुना। इन लोगों ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में मोदी के मन की बात को सुना। मोदी ने अपने मन की बात में कहा कि देश में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है, जिसमें देश की नारी शक्ति पीछे रह गई हो। आज महिलाएं खेती, जल संरक्षण और स्वच्छता के क्षेत्र में भी अपना विशेष योगदान दे रही हैं। केमिकल से हमारी धरती मां को जो कष्ट हो रहा है , जो दर्द हो रहा है हमारी धरती मां को बचाने में देश की मातृ शक्ति बड़ी भूमिका निभा रही है।

उन्होंने सोशल मीडिया के बढ़ते चलन को लेकर कहा कि सोशल मीडिया कंटेंट के मामले में भारत के हमारे युवा-साथी कंटेंट क्रिएशन के क्षेत्र में कमाल कर रहे है। चाहे कोई भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हो, आपको अलग-अलग विषयों पर अलग-अलग कंटेंट शेयर करते हमारे युवा साथी मिल ही जाएंगे। पर्यटन, सामाजिक चीजें, जनता की सहभागिता से जुड़े किस्से हों या फिर प्रेरक जीवन यात्रा, इन सभी से जुड़े तरह-तरह के कंटेंट सोशल मीडिया पर मौजूद हैं। नव-मतदाताओं के संबंध में उन्होने कहा मुझे इस बात की खुशी है कि कुछ दिन पहले ही चुनाव आयोग ने एक और अभियान की शुरूआत की है। मेरा पहला वोट देश के लिए। इसके जरिए विशेष रूप से नव-मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने का आग्रह किया गया है।

मन की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश मंत्री पिंकेश पोरवाल, वासुदेव चावला, प्रदेश प्रवक्ता रामकुमार वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष विष्णु चेतानी, सोशल मीडिया के प्रदेश सह-संयोजक अजय विजयवर्गीय, भाजपा प्रदेश मीडिया कार्यालय प्रभारी चंपालाल रामावत सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गहलोत ने आरसीए पर कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया

जयपुर।राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा राजस्थान क्रिकेट संघ (आरसीए) के खिलाफ की गई कार्रवाई को राजनीतिक द्वेष से प्रेरित बताया है। गहलोत ने इस प्रकरण को लेकर शनिवार को 'एक्स' पर लिखा,क्रीड़ा परिषद द्वारा आनन-फानन में राजस्थान क्रिकेट संघ पर की गई कार्रवाई राजनीतिक द्वेष से प्रेरित लगती है। उन्होंने लिखा, ऐसी कार्रवाई से राजस्थान के खेल संघों पर राष्ट्रीय संस्थाओं का भरोसा कम होगा और हमारी सरकार के दौरान खेलों का जो माहौल बना, वो खराब होगा।

गहलोत ने कहा कि हजारों क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों में इस कार्रवाई से रोष है। राजस्थान सरकार की राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद ने जयपुर के सवाई मान सिंह स्टेडियम के साथ साथ राजस्थान क्रिकेट संघ के कार्यालय और इसकी अकादमी को सील कर दिया है। परिषद ने दावा किया कि ऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि आरसीए ने बकाया भुगतान सहित अपनी देनदारियों को पूरा नहीं किया।



# विरासतों को संरक्षण देने के लिए सराकर प्रतिबद्ध : दीया कुमारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा है कि राजस्थान सरकार प्रदेश की ऐतिहासिक विरासतों का संरक्षण करने और उन्हें सहेजने, संवारने के लिए प्रतिबद्ध है। सुन्दर विंटेज कार महत्वपूर्ण विरासत धरोहर है जिसका संरक्षण करना हम सब की जिम्मेदारी है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को जयपुर के जय महल पैलेस होटल में राजपूताना आटोमोटिव स्पोर्ट्स कार क्लब की ओर से चल रही 25वीं विंटेज क्लासिक कार एग्जिबिशन एंड ड्राइव के पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रही थी।

दीया कुमारी ने कहा कि ये अच्छी बात है कि हम सभी इस विरासत को सहेजने में अपना योगदान दे रहें हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि हम जयपुर में एक विंटेज कार हेरिटेज को बचाने के लिए एक विंटेज कार गैलरी अथवा म्यूजियम का विकास करें। जिसमें साल भर कुछ न कुछ इस शानदार विरासत को बचाने की गतिविधियां संचालित होती रहे।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आप सभी ने 25वीं विंटेज क्लासिक कार एग्जिबिशन एंड ड्राइव जैसे शानदार इवेंट को देखा और इसमें सहभागिता की। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि इस इवेंट में शामिल होने के लिए दिल्ली, चंडीगढ़ और वड़ोदरा जैसे शहरों सहित देशभर से विंटेज कार लवर्स आए हैं।उन्होंने आयोजकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक अभिनव प्रयास है जो विरासत को संरक्षित करने के आपके समर्पित भाव को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि आज उप मुख्यमंत्री के रूप में मैं इस इवेंट में सहभागिता कर रही हूं। किंतु इससे पहले भी हर बार इस इवेंट में सहभागिता करती रही हूं।

उल्लेखनीय है कि विंटेज क्लासिक कार एग्जिबिशन एंड ड्राइव में विंटेज कार्स को देखने की होड़ सी रही। बड़ी संख्या में हर उम्र के कार लवर्स युवा, युवती बच्चें और बुजुर्ग भी विन्टेज कार के साथ सेल्फी लेते हुए दिखे। विंटेज कार ड्राइव में बड़ी संख्या में महिलाओ ने सहभगिता की जिस पर उन्हें सम्मानित किया गया। विंटेज कार चलाने वाले महिला क्रू को विमन पॉवर ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।



# प्रदेश में अंगदान की मुहिम को मिले नए आयाम : गजेन्द्र सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर । चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह की पहल पर राजस्थान अंगदान के क्षेत्र में प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रहा है। अंगदान की ऑनलाइन शपथ में अव्वल मुकाम हासिल करने के बाद अब प्रदेश में अंगदान करने को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस मुहिम में अब झालावाड़ मेडिकल कॉलेज भी शामिल हो गया है। शनिवार को यहां एक ब्रेन डेड मरीज के ऑर्गन रिट्राइवल के लिए संवेदनशीलता के साथ प्रयास कर अंगदान महाभियान को आगे बढ़ाया गया।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने अंगदान के इस पुनीत कार्य में विशेष प्रयास करते हुए झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को ऑर्गन एण्ड टिश्यू रिट्राइवल के लिए सर्टिफिकेट जारी करवाया। साथ ही, ब्रेन डेड मरीज के परिजनों की काउंसलिंग के बाद ऑर्गन रिट्राइवल की सहमति मिलते ही इस कार्य में सहयोग के लिए जयपुर एवं कोटा मेडिकल कॉलेज तथा जोधपुर एम्स से चिकित्सकों के दल रवाना करने के निर्देश दिए।

जयपुर, कोटा एवं जोधपुर से गए चिकित्सा विशेषज्ञों के दलों ने झालावाड़ मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों के साथ अंगदान के इस कार्य को मूर्त रूप दिया। ब्रेन डेड मरीज से किडनी, लिवर एवं कॉर्निया प्राप्त किए गए। इनमें से एक किडनी तथा लिवर सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर तथा एक किडनी एम्स जोधपुर को आवंटित की गई। इन अंगों को तत्काल प्रभाव से जरूरतमंद मरीजों तक पहुंचाने के लिए राजस्थान ट्रैफिक पुलिस की सहायता से ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया। चार एम्बुलेंस के माध्यम से इन अंगों को जयपुर एवं जोधपुर पहुंचाया गया। एसआरजी हॉस्पिटल एंड झालावाड़ मेडिकल कॉलेज में 21 फरवरी 2024 को छत से गिरने के कारण घायल हुए 39 वर्षीय भूरिया को भर्ती कराया गया था। गहरी चोट के कारण भूरिया ब्रेन डेड हो चुके थे। चिकित्सकों द्वारा ब्रेन डेड घोषित करने के बाद झालावाड़ मेडिकल कॉलेज प्रशासन एवं झालावाड़ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने यह सूचना राज्य सरकार को दी तो चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने परिजनों से अंगदान की सहमति प्राप्त करने के निर्देश दिए। परिजनों से सहमति प्राप्त होते ही शनिवार को अवकाश के दिन ही झालावाड़ मेडिकल कॉलेज को अंग रिट्राइवल के लिए सर्टिफिकेट जारी किया गया। तत्काल प्रभाव से जयपुर, जोधपुर एवं कोटा से चिकित्सकों के दल इस कार्य में सहयोग के लिए रवाना किए गए।

## प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई और हिंसा का माहौल, आम लोग त्रस्त, किसान परेशान है : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान आगमन को लेकर आज दौसा में भी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट यात्रा के स्वागत के लिए धौलपुर जाते समय कुछ देर दौसा ठहरे।

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी महंगाई और हिंसा का माहौल है। इससे आम लोग त्रस्त हो गए हैं। उन्होंने कहा कि आज किसान परेशान हैं। किसानों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के अन्नदाता के साथ इतना बड़ा जुर्म करना मोदी सरकार के लिए चुनावों में बहुत घातक होगा।

पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया अलायंस के बीच सीट शेयरिंग पर सकारात्मक सहमति बन गई है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से किसान, जवान, युवाओं की आवाज उठाई है। आज शाम धौलपुर में इस यात्रा का जोश खरोश से स्वागत किया जाएगा। यात्रा को लेकर हर वर्ग के लोग और कार्यकर्ताओं को बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार को भी इस यात्रा से आत्म चिंतन करने को मजबूर होना पड़ेगा। यूपी में पेपर लीक के मामले में उन्होंने कहा कि इस पर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी द्वारा आवाज उठाने पर वहां की सरकार को परीक्षा निरस्त करनी पड़ी है।

किसान आंदोलन पर पायलट बोले कि डेढ़ साल तक किसानों का आंदोलन चलने का ही नतीजा है कि केंद्र सरकार को तीनों काले कानून बदलने पड़े हैं। मोदी सरकार एमएसपी पर कानून बनाने का वादा कर अब वादा खिलाफी कर रही है। आज किसानों को आंसू गैस और गोली मारी जा रही है। यह देश का दुर्भाग्य है। इससे पूर्व कार्यकर्ताओं ने दौसा पहुंचने पर गहलोत का लालसोट बाईपास पर स्वागत किया।





# नेत्रदान के प्रति आमजन में जागरूकता आवश्यक : पंत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांश पंत ने नेत्रदान के प्रति आमजन में जागरूकता की जरूरत बताते हुए कहा है कि नेत्रदान के प्रति आमजन को प्रेरित और प्रोत्साहित कर जरूरतमंद व्यक्तियो को कॉर्निया उपलब्ध कराकर उनके जीवन मे रोशनी लाई जा सकती है। पन्त रविवार को यहां भट्टारकजी की नसिया सभागार में आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान द्वारा आयोजित नेत्रदानी परिवार सम्मान समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आमजन में नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता प्रतिपादित की।

पंत ने आमजन को नेत्रदान के प्रति जागरूक कर कॉर्निया उपलब्ध कराने में सहयोग के लिए आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान के प्रति साधुवाद व्यक्त किया। उन्होंने अंग दान के बारे में बनाये गए पोर्टल के बारे में जानकारी दी। इस पोर्टल पर सरल प्रक्रिया से अंग दान किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि कैडेबर कॉर्निया ट्रांसप्लांट की प्रक्रिया अत्यंत सरल है। इस अवसर पर नेत्रदानी परिवार सम्मान के साथ ही आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओ का भी सम्मान किया गया। योगेश मित्तल ने एक लाख रुपये की सहयोग राशि के साथ ही अन्य दानदाताओं ने सोसायटी की सहायतार्थ चैक प्रदान किये। आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान के अध्यक्ष सेवानिवृत्त आईएएस बी एल शर्मा ने बताया कि वर्ष 2002 में आई बैंक सोसायटी ऑफ़ राजस्थान की स्थापना की गई। अब तक 24 हजार नेत्रदान करवाकर 14 हजार का प्रत्यारोपण किया जा चुका है। सोसायटी द्वारा गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाता है और इसी का परिणाम है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के बराबर 65 प्रतिशत कॉर्निया काम मे लिया जा रहा है। गत वर्ष 2300 कॉर्निया ट्रांसप्लांट किये गए। एसएमएस अस्पताल अधीक्षक डॉ. अचल शर्मा ने कॉर्निया ट्रांसप्लांट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सर्वप्रथम चेकोस्लोवाकिया के एक डॉक्टर ने वर्ष 1905 में कॉर्निया ट्रांसप्लांट किया और अब विश्वभर में कॉर्निया ट्रांसप्लांट कर जरूरतमंदो को रोशनी प्रदान की जा रही है।

उच्च न्यायालय पूर्व मुख्य न्यायाधीश एन के जैन ने नेत्रदानी परिवारों का अभिनंदन करते हुए कहा कि उनके परिजन से मृत्युपरांत प्राप्त कॉर्निया से किसी को नेत्र ज्योति प्राप्त हुई है।

# कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने रायबरेली में सिर्फ राजनीति की, काम मोदी ने किया : प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रायबरेली (उप्र)/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नेहरू गांधी परिवार पर हमला करते हुए रविवार को कहा कि कांग्रेस के 'शाही परिवार' ने रायबरेली में सिर्फ सियासत की, मगर विकास कार्य सिर्फ मोदी ने ही किया है।

प्रधानमंत्री ने यहां आयोजित एक समारोह को ऑनलाइन माध्यम से रायबरेली स्थित एम्स का लोकार्पण किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। उन्होंने कहा, ''मैंने उत्तर प्रदेश के रायबरेली को एम्स की गारंटी दी थी, कांग्रेस के शाही परिवार ने रायबरेली में सिर्फ राजनीति की,



काम मोदी ने किया।'' मोदी ने कहा, ''मैंने रायबरेली एम्स का आठ साल पहले शिलान्यास किया था और आज इसका लोकार्पण किया है।''

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने भी इस मौके पर नेहरू गांधी परिवार पर तंज किया और कहा, ''नामदार और कामदार में फर्क क्या होता है, रायबरेली एम्स उसका उत्तम उदाहरण है।''

अमेठी से भाजपा सांसद ने पूर्व कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा, ''मैं उस लोकसभा क्षेत्र की प्रतिनिधि हूं जहां बरसों-बरस एक नामदार ने जनता का वोट लिया, लेकिन उसने सेवा नहीं की।'' उन्होंने कहा, ''अमेठी इस बात की साक्षी है कि आज से 30 साल पहले अमेठी में मेडिकल कालेज बनाने का वादा करते हुए नामदारों ने जमीन ली और अपने लिये गेस्ट हाउस बना लिया, लेकिन अमेठी के नौजवानों के लिए एक मेडिकल कॉलेज नहीं बनाया।''

स्मृति ईरानी ने कहा, '' भारत के इतिहास में जब तक कांग्रेस रही, तब तक 380 मेडिकल कॉलेज बने। मगर पिछले 10 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार ने 706 मेडिकल कॉलेज बनाए। नरेन्द्र मोदी राष्ट्र के इतिहास में पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने 25 करोड़ नागरिकों को गरीबी से उबारकर विकास के पथ पर अग्रसर किया है।'' उन्होंने कहा,''कामदारों के इस मंच से भाजपा की एक कार्यकर्ता होने के नाते मैं निश्चित रूप से कह रही हूं कि इस बार रायबरेली में वो होगा जो 2019 में अमेठी में हुआ। जनता चाहती थी विकास हो। अमेठी में कमल खिल चुका है अबकी बार रायबरेली भी कहती है कि 370 नहीं राजग (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) 400 पार।''

स्मृति ईरानी ने वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले अमेठी लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी को पराजित किया था। उस चुनाव में कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में रायबरेली के रूप में एकमात्र लोकसभा सीट हासिल हुई थी।

# युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाया जाएगा : योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लखनऊ/भाषा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस भर्ती परीक्षा प्रश्न पत्र लीक मामले पर रविवार को कहा कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना 'राष्ट्रीय पाप' है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा, जो भविष्य के लिए नजीर बनेगी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के लिए करीब 1800 पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को यहां लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरित करने के बाद समारोह को संबोधित करते हुए यह कहा।

आदित्यनाथ ने कहा, ''अगर युवाओं के साथ अन्याय होता है तो यह राष्ट्रीय पाप है। पहले दिन से ही हमने तय किया है कि युवाओं के जीवन और भविष्य के साथ जो कोई



भी खिलवाड़ करेगा हम उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और उन तत्वों से सख्ती से निपटेंगे। हमारे युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सरकार पहले भी कार्रवाई करती रही है और एक बार फिर कड़ी कार्रवाई करने जा रही है।''

'पेपर लीक' के मुद्दे पर अभ्यर्थियों के विरोध-प्रदर्शन के बाद, राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में 17 और 18 फरवरी को हुई पुलिस भर्ती परीक्षा को शनिवार को निरस्त कर दिया था और छह माह के भीतर पुन: परीक्षा कराने का आदेश दिया।

आदित्यनाथ ने कहा,''नियुक्ति की प्रक्रिया अगर ईमानदारी से आगे नहीं बढ़ पा रही है तो यह युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है और उनकी प्रतिभा को पलायन के लिए मजबूर करता है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना राष्ट्रीय पाप है और इसमें लिप्त लोगों को ऐसा सबक सिखाया जाएगा कि वे ना घर के रहेंगे न घाट के। ऐसे तत्वों के खिलाफ होने वाली कार्रवाई भविष्य के लिए नजीर के रूप में याद रखी जाएगी।''

मुख्यमंत्री ने अलग-अलग विभागों में चयनित युवाओं को प्रदेश की सेवाओं में आने के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृष्टि 'डबल इंजन' सरकार का मिशन भी है। उन्होंने कहा कि निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हर नौजवान को उसका अधिकार प्राप्त होने को सुनिश्चित करने के लिए सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है, उसी का परिणाम है।

## संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी में भगवान परशुराम पर ग्रंथ तैयार किया जाएगा

**प्रयागराज(उप्र)/भाषा।** संगम नगरी में जारी माघ मेले में राष्ट्रीय परशुराम परिषद की बैठक में यह घोषणा की गई कि जल्द ही भगवान परशुराम पर संस्कृत, हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में संपूर्ण ग्रंथ तैयार किया जाएगा। परिषद की एक विज्ञप्ति के अनुसार, ''शनिवार को संपन्न दो दिवसीय बैठक में राष्ट्रीय परशुराम परिषद शोध पीठ के राष्ट्रीय महामंत्री राजाराम यादव ने कहा कि भगवान परशुराम के बारे में जो भी भ्रामक बातें फैलाई गई गई हैं, उन्हें इस ग्रंथ के माध्यम से दूर किया जाएगा।'' शनिवार को परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के प्रथम सत्र में राष्ट्रीय परशुराम परिषद के मार्गदर्शक मंडल के सदस्य और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने संगठन को मज़बूत बनाने की अपील की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए वृंदावन के तुलसी जी महाराज ने कहा कि राज्य में ब्राह्मण समाज के 18.5 प्रतिशत मतदाता हैं और उनकी आबादी के अनुसार राजनीति में भागीदारी होनी चाहिए।

## चीन निर्मित वस्तुओं की बाढ़ से लघु व कुटीर उद्योग बुरी तरह प्रभावित : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलीगढ़ (उप्र)/भाषा। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय बाजारों में चीन निर्मित वस्तुओं की बाढ़ से स्वदेशी लघु, कुटीर उद्योग और कारीगर ''बुरी तरह से प्रभावित'' हुए हैं। राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पूर्वाह्न मुरादाबाद से संभल होते हुए अलीगढ़ पहुंची जहां उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी नजर आयीं।

विपक्षी गुट 'इंडिया' के घटक दल समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ता और समर्थक भी इस यात्रा में शामिल हुए। कांग्रेस नेता ने ताला उद्योग के गढ़ अलीगढ़ में चीन निर्मित सामानों की बिक्री का मसला उठाया और स्थानीय कारीगरों के समक्ष पेश आ रही परेशानियों का जिक्र किया।

कांग्रेस की राज्य इकाई ने अपने आधिकारिक हैंडल पर राहुल और प्रियंका की यात्रा का वीडियो साझा किया। इसमें कहा गया,''जननायक (राहुल गांधी) और लोक नेत्री (प्रियंका गांधी वाद्रा) के साथ एकता, भाईचारा



और सद्भाव का संदेश देती 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'। यह जनसैलाब आने वाली पीढ़ियों को संदेश देगा कि जब कोई तानाशाह देश की अखंडता, संप्रभुता और संविधान को खत्म करने पर आमादा था तो हमने उसे इस यात्रा के माध्यम से रोकने का काम किया था।''

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आपने संबोधन में कहा, ''देश में बढ़ती नफरत का कारण अन्याय है। हिंदुस्तान में गरीबों, किसानों, युवाओं, महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है। इसी अन्याय के खिलाफ हमने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' शुरू की है।'' उन्होंने सवालिया लहजे में कहा ''देश में नफरत फैल रही है, क्यों फैल रही है, इसका कारण क्या है, मैंने यह सवाल हजारों लोगों से पूछा इस बीच भीड़ से जवाब आया -वोट बैंक।''

राहुल ने कहा ''भाइयो-बहनों यह वोट बैंक नहीं है, गलतफहमी में मत रहो, हिंदुस्तान की जनता, किसानों और मजदूरों ने मुझे बताया कि राहुल जी हिंसा और नफरत का कारण अन्याय है। हिंदुस्तान के गरीबों के साथ 24 घंटे इस देश में अन्याय होता है।'' उन्होंने कहा,'' किसान के खिलाफ अन्याय होता है, छोटे दुकानदार के खिलाफ अन्याय होता है, युवाओं के खिलाफ अन्याय होता है, सड़कों पर माताओं बहनों के खिलाफ अन्याय होता है। हिंसा का कारण नफरत का अन्याय है और इसलिए हमने दूसरी भारत जोड़ो यात्रा में 'न्याय' शब्द जोड़ दिया।''

### 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में शामिल हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव

**आगरा (उप्र)/भाषा।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के नेतृत्व में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' में रविवार को आगरा में शामिल हुए। आगामी लोकसभा चुनाव के लिए उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और सपा के बीच सीट बंटवारे पर सहमति बनने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव पहली बार एक साथ नजर आए हैं। सपा और कांग्रेस के पार्टी कार्यकर्ताओं ने अपनी पार्टी के नेताओं के समर्थन में नारे लगाए। आगरा में रोड शो के दौरान राहुल और अखिलेश ने हाथ हिलाकर भीड़ का अभिवादन स्वीकार किया। उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा भी मौजूद थीं। सपा अध्यक्ष ने इस अवसर पर अपने संबोधन में 'भाजपा हटाओ, संकट मिटाओ' का नारा देते कहा, ''आज लोकतंत्र और संविधान संकट में है। भाजपा सरकार लोकतंत्र खत्म कर रही है। संविधान विरोधी काम कर रही है।

## संदेशखालि जा रहे स्वतंत्र तथ्यान्वेषी दल को पुलिस ने रोका

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में महिलाओं पर अत्याचार की कथित घटनाओं की जांच के लिए जा रही पटना उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश एल. नरसिंह रेड्डी के नेतृत्व वाली एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी समिति के छह सदस्यों को पुलिस ने वहां जाने से रोक दिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने संदेशखालि के कुछ हिस्सों में दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू होने का हवाला देते हुए उनके काफिले को बसंती राजमार्ग पर भोजेरहाट क्षेत्र में रोक दिया, जो संदेशखालि से लगभग 52 किलोमीटर दूर है। रेड्डी, पूर्व आईपीएस अधिकारी राजपाल सिंह, राष्ट्रीय महिला आयोग की पूर्व सदस्य चारू वली खन्ना, वकील ओ पी व्यास एवं भावना बजाज और वरिष्ठ पत्रकार संजीव नायक सड़क के किनारे बैठ गए और आगे जाने पर अड़े रहे। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि छह लोगों को हिरासत में लेकर एक वाहन में ले जाया गया और बाद में रिहा कर दिया गया। रेड्डी ने कहा, ''यह पूरी तरह से अवैध है। हमने पुलिसकर्मियों से कहा है कि कानून का पालन करने वाले नागरिक के नाते हम नियम नहीं तोड़ेंगे। संदेशखालि में कोई कर्फ्यू नहीं लगा है। इसलिए हम दो समूहों में जा सकते हैं। हमारी कम से कम दो महिला सदस्यों को उन महिलाओं से मिलने की अनुमति दी जानी चाहिए जिन्हें राजनीतिक संरक्षण का लाभ ले रहे बाहुबलियों के अत्याचारों का खामियाजा भुगतना पड़ा है।

## अरुणाचल प्रदेश में कांग्रेस और एनपीपी के दो-दो विधायक हुए भाजपा में शामिल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**ईटानगर/भाषा।** अरुणाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के दो-दो विधायक सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो गए। साठ सदस्यीय अरुणाचल प्रदेश विधानसभा में अब कांग्रेस और एनपीपी दोनों के दो-दो विधायक हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री निनोंग ईरिंग (पासीघाट पश्चिम सीट) और वांगलिन लोवांगडांग (बोरदुरिया-बोगापानी निर्वाचन क्षेत्र) और एनपीपी के मुच्चू मीठी (रोइंग विधानसभा) और गोकर बसर (बसर विधानसभा) यहां स्थित भाजपा के राज्य मुख्यालय में एक समारोह के दौरान पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पेमा खांडू भी शामिल हुए थे। इन चार विधायकों के शामिल होने से भाजपा के पास अब सदन में 53 विधायक हैं, जबकि तीन निर्दलीय विधायक सरकार को बाहर से समर्थन दे रहे हैं। इस साल अरुणाचल प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होंगे।

## असम में हथियार बरामद, तीन गिरफ्तार

**दीफू (असम)/भाषा।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (अपराध) नयनमोनी बर्मन के नेतृत्व में शनिवार रात को दीफू में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी पुलिस दल को उस स्थान पर ले गए जहां बांस की झाड़ियों में हथियार छिपाए गए थे। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक के पैकेट में एक एके शृंखला राइफल, मैगजीन, तीन पिस्तौल और तीन हथगोले के साथ ही दो मोबाइल फोन लपेटे गए थे। दीफू पुलिस थाने में शस्त्र अधिनियम 1959 की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

## बसपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर भाजपा में शामिल हुए सांसद रितेश पांडेय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/नई दिल्ली/भाषा।** उत्तर प्रदेश के आंबेडकर नगर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के टिकट पर लोकसभा के लिए चुने गये रितेश पांडेय ने रविवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया।

बसपा प्रमुख मायावती को लिखे इस्तीफे की प्रति पांडेय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की।

इस बीच बसपा प्रमुख



मायावती ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर सिलसिलेवार पोस्ट में रितेश पांडेय का जिक्र किये बिना अपनी पार्टी के सांसदों से पूछा कि ''क्या स्वार्थ में इधर-उधर भटकते नजर आ रहे लोगों को टिकट देना संभव है''।

बसपा प्रमुख को संबोधित पत्र में रितेश पांडेय ने पार्टी से विधायक और फिर सांसद चुने जाने की अपनी राजनीतिक उपलब्धियों की चर्चा करते हुए यह शिकायत की, ''मुझे लंबे समय से न तो पार्टी की बैठकों में बुलाया जा रहा है और न ही नेतृत्व के स्तर पर संवाद किया जा रहा है। मैंने आप (मायावती) से और शीर्ष पदाधिकारियों से संपर्क के अनगिनत प्रयास किये, लेकिन उनका कोई परिणाम नहीं निकला।'' पांडेय ने कहा, ''...मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि पार्टी को मेरी सेवा और उपस्थिति की अब कोई आवश्यकता नहीं रही, इसलिए प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र देने के अलावा मेरे समक्ष कोई विकल्प नहीं है। पार्टी से नाता तोड़ने का यह निर्णय भावनात्मक रूप से एक कठिन निर्णय है।''

## यथिराज, प्रमोद, कृष्णा को पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक

**पटाया (थाईलैंड)/भाषा।** भारत के सुहास यथिराज, प्रमोद भगत और कृष्णा नागर ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए रविवार को यहां पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप की क्रमश: पुरुष एकल एसएल 4, एसएल 3 और एसएच 6 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीते। पैरालंपिक रजत पदक विजेता दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी यथिराज ने एसएल 4 (शरीर के निचले अंगों में मामूली समस्या) फाइनल में इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को 21-18 21-18 से हराकर अपना पहला विश्व खिताब जीता। कर्नाटक के यथिराज उत्तर प्रदेश कैडर के 2007 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। उन्होंने कहा, ''स्वर्ण पदक मिला, खुश हूं और विश्व चैंपियन बनकर गौरवांवित हूं।'' वह वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के सचिव और महानिदेशक हैं। चीन में पैरा एशियाई खेलों में एक स्वर्ण और दो कांस्य पदक जीतने वाले भगत ने एसएल 3 (शरीर के निचले अंगों में अधिक समस्या)फाइनल में इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को 14-21 21-15 21-14 से हराया।

## अश्विन-कुलदीप ने इंग्लैंड को 145 रन पर समेटा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

रांची/भाषा। अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव के नौ विकेट से चौथे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को यहां इंग्लैंड को दूसरी पारी में 145 रन पर समेटने के बाद भारत ने 192 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बिना विकेट खोए 40 रन बनाकर अपना पलड़ा भारी रखा।

दिन का खेल खत्म होने पर कप्तान रोहित शर्मा 24 जबकि उनके साथी सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 16 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत को अब जीत के लिए 152 रन की दरकार है जबकि उसके सभी 10 विकेट शेष हैं। रोहित ने अपनी इस पारी के दौरान टेस्ट क्रिकेट में चार हजार रन भी पूरे किए। दूसरी पारी में अब तक हुए आठ ओवर में रोहित काफी सकारात्मक नजर आए। वह अब तक 27 गेंद का सामना करते हुए चार चौके मारे चुके हैं। उन्हें जो रूट, टॉम हार्टले और शोएब बशीर की स्पिन तिकड़ी का सामना करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अश्विन



(51 रन पर पांच विकेट) ने इससे पहले 35वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट चटकाए जबकि कुलदीप (22 रन पर चार विकेट) ने चार बल्लेबाजों को आउट किया जिससे सलामी बल्लेबाज जैक क्राउली (91 गेंद में 60 रन, सात चौके) की तेजतर्रार पारी के बावजूद इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में 145 रन पर सिमट गई।

इंग्लैंड के पहली पारी के 353 रन के जवाब में सुबह के सत्र में भारत 307 रन पर सिमट गया था और 46 रन से पिछड़ गया। ध्रुव जुरेल ने 90 रन की जुझारू पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।

अश्विन ने रविंद्र जडेजा (56 रन पर एक विकेट) के साथ मिलकर दूसरी पारी में नई गेंद से आक्रमण की शुरुआत की। उन्होंने टूटती हुई पिच पर पांचवें ओवर में बेन डकेट (15) और ओली पोप (00) को लगातार गेंदों पर आउट किया।

डकेट ने शॉर्ट लेग पर सरफराज खान को कैच थमाया जबकि पोप पगबाधा हुए। पोप के विकेट के साथ अश्विन ने भारत में सबसे अधिक टेस्ट विकेट के अनिल कुंबले (350 विकेट) के रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया।

अश्विन ने पहली पारी के शतकवीर जो रूट (11) को पगबाधा करके इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 65 रन किया। मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन डीआरएस लेने पर फैसला भारत के पक्ष में गया। हालांकि यह काफी करीबी मामला था।

### 100वें टेस्ट में धर्मशाला में मैदान पर

## गावस्कर चाहते हैं अश्विन अपनी टीम की अगुवाई करें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने रविवार को सुझाव दिया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में होने वाले पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच में ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को टीम की अगुवाई करने का मौका देना चाहिए जिनका यह 100वां टेस्ट मैच होगा। अश्विन अभी यहां अपना 99वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं।



इस 37 वर्षीय गेंदबाज ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में 51 रन देकर 5 विकेट लिए। यह 35वां अवसर है जबकि अश्विन ने पारी में 5 या इससे अधिक विकेट लिए।

गावस्कर ने जियो सिनेमा पर अश्विन से बात करते हुए कहा,''भारत कल जीत हासिल कर लेगा तथा इसके बाद टीम पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के लिए धर्मशाला जाएगी। मुझे विश्वास है कि रोहित आपको मैदान पर टीम की अगवाई करने का मौका देगा। आपने भारतीय क्रिकेट के लिए जो कुछ किया है उसे देखते हुए यह शानदार सम्मान होगा।''

अश्विन ने इसके जवाब में कहा कि वह जितने लंबे समय तक टीम में बने रहते हैं उनके लिए उतना ही अच्छा होगा। अश्विन ने कहा,''आप बहुत उदार दिल के हैं सनी भाई। इसके लिए आपका आभार।



## भारत को 2036 ओलंपिक की मेजबानी सौंपना आइओसी के लिए अधिक तर्कसंगत होगा : ठाकुर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को कहा कि भारत को 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी का अधिकार देना अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के लिए अधिक तर्कसंगत होगा क्योंकि देश खेल सहित सभी क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

ठाकुर ने न्यूज़ 9 ग्लोबल समिट में कहा कि भारत के तोक्यो ओलंपिक 2020 और हांगझोउ एशियाई खेल 2022 में अच्छे प्रदर्शन से उम्मीद जगी है कि देश खेलों के क्षेत्र में 2036 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष पांच में शामिल हो जाएगा। उन्होंने कहा,''पिछले ओलंपिक खेलों को देखने वालों में भारतीयों की संख्या सर्वाधिक थी। आईओसी के लिए 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी भारत को सौंपना अधिक तर्कसंगत होगा।''

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल मुंबई में आईओसी सत्र के दौरान भारत की 2036 में ओलंपिक खेलों की मेजबानी करने की इच्छा जता चुके हैं।

बेंगलूरु | सोमवार | 26-02-2024 www.dakshinbharat.com /dakshinbharat /dakshinbharat DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT HINDI DAILY

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

## सुविचार

**मिली थी जिन्दगी किसी के काम आने के लिए, पर वक्त बित रहा है, कागज के टुकड़े कमाने के लिए।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शानदार जवाब

विचारक संस्था 'जम्मू-कश्मीर अध्ययन केंद्र-यूके' (जेकेएससी) द्वारा ब्रिटेन के संसद भवन में आयोजित 'संकल्प दिवस' कार्यक्रम के दौरान कश्मीरी कार्यकर्ता याना मीर ने अपने संबोधन से पाकिस्तानी पाखंड के परखच्चे उड़ा दिए। इस जवाब की गूंज वर्षों तक सुनाई देती रहेगी। एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर जम्मू-कश्मीर के बारे में यह शानदार जवाब था। पाकिस्तान द्वारा किए गए दुष्प्रचार का पर्दाफाश करने के लिए याना मीर जैसी भारत की और बेटियों को आगे आना होगा। इसके लिए उन्हें मंच उपलब्ध कराना होगा। पाकिस्तान ने पिछले कई दशकों में जम्मू-कश्मीर के बारे में जो झूठ फैलाया, उसका पाकिस्तानी जनता पर गहरा असर हुआ है। एक आम पाकिस्तानी का ख़याल होता है कि 'जम्मू-कश्मीर में हर घर के सामने चार-पांच फौजी हर वक्त खड़े रहते हैं, सालभर कर्फ्यू लगा रहता है, मस्जिदों में अज़ान और नमाज़ पर पाबंदी है, ईद नहीं मनाने दी जाती, लोगों को संवैधानिक अधिकार नहीं दिए जाते, स्कूल-कॉलेज बंद रहते हैं ...!' जबकि जम्मू-कश्मीर में ऐसे हालात बिल्कुल नहीं हैं। वहां आतंकवाद कुछ इलाकों तक सिमट गया है। पाकिस्तानी आतंकवादी एलओसी पार करते हुए मार गिराए जाते हैं। 'कर्फ्यू' की बात करने वाले लोग जम्मू-कश्मीर के कस्बों के ही वीडियो देख लें। वहां इतने पर्यटक उमड़ रहे हैं कि यातायात पुलिस का काम बढ़ गया है। आंतरिक सुरक्षा स्थानीय पुलिस संभाल रही है। मस्जिदों में पांचों वक्त अज़ानें, नमाज़ें हो रही हैं। ईद समेत विभिन्न त्योहार धूमधाम से मनाए जा रहे हैं। कश्मीरी बच्चे अखिल भारतीय स्तर की परीक्षाओं की मेरिट में स्थान प्राप्त कर रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर को जब से अनुच्छेद 370 और 35ए से निजात मिली है, यह केंद्र शासित प्रदेश खुली हवाओं में सांस लेने लगा है। पहले, जो अलगाववादी संगठन पत्थरबाजी और आगजनी करने का कैलेंडर जारी करते थे, अब न तो उन्हें उत्पात मचाने के लिए नौजवान मिल रहे हैं और न ही (उतना) 'चंदा' आ रहा है। याना मीर ने अपने संबोधन में नोबेल पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफजई का उल्लेख कर पाकिस्तान के कथित बुद्धिजीवी वर्ग को भी आड़े हाथों ले लिया, जो ड्राइंग रूम में बैठकर सुनी-सुनाई बातों के आधार पर ट्वीट करता रहता है। याना ने उचित ही कहा, 'मुझे आप पर आपत्ति है मलाला यूसुफजई। आप मेरे देश, मेरी प्रगतिशील मातृभूमि को 'उत्पीड़ित' कहकर बदनाम कर रही हैं। मुझे सोशल मीडिया और विदेशी मीडिया पर ऐसे सभी 'टूलकिट सदस्यों' पर आपत्ति है, जिन्होंने कभी भी कश्मीर का दौरा नहीं किया, लेकिन वहां से 'ज़ुल्म' की कहानियां गढ़ते हैं। ... मैं मलाला यूसुफजई नहीं हूं, क्योंकि मैं अपने देश भारत में स्वतंत्र और सुरक्षित हूं। अपनी मातृभूमि कश्मीर में, जो भारत का हिस्सा है, मुझे कभी भी भागकर आपके देश में शरण लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी।' मलाला जैसे 'बुद्धिजीवी' जम्मू-कश्मीर की हकीकत को लेकर कितना जानते होंगे? उनकी जानकारी उस बौद्धिक कचरे पर आधारित है, जो स्कूली किताबों के जरिए उनके दिमागों में ठूंस-ठूंसकर भरा जाता है। इसलिए पाकिस्तान में कोई व्यक्ति कितना भी पढ़ा-लिखा क्यों न हो, वह गाहे-बगाहे ऐसी बातें कर ही देता है। उनकी अक्ल पर लगे झूठ व संकीर्णता के ताले खोलने के लिए बहुत जरूरी है कि उन्हें जम्मू-कश्मीर के नौजवानों से रूबरू कराया जाए। पाकिस्तान अपने अवैध कब्जे वाले पीओके से जिन लोगों को विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों और टीवी बहसों में 'कश्मीरी कार्यकर्ता' के तौर पर पेश करता है, अगर उनसे कश्मीरी भाषा में कोई सवाल पूछ लें तो वे बगलें झांकने लगते हैं। असल में उनमें से ज़्यादातर लोग कश्मीरी होते ही नहीं, वे (पाकिस्तानी) पंजाबी होते हैं। उनका कश्मीरी भाषा से उतना ही संबंध है, जितना जनरल आसिम मुनीर, जनरल क़मर जावेद बाजवा (से.नि.) ... का संबंध ईमानदारी से है!

## ट्वीटर टॉक



राजपूताना ऑटोमेटिक स्पोर्ट्स कार क्लब द्वारा आयोजित विंटेज कार रैली व प्रदर्शनी के 25वें संस्करण में पुरस्कार वितरित किए। विंटेज कार प्रदर्शनी विंटेज कारों एवं धरोहर को संरक्षित रखने के लिए सराहनीय प्रयास है। राजस्थान की सभी धरोहरों का संरक्षण हमारा परम दायित्व है।

**- दीया कुमारी**



उत्तर प्रदेश के कौशांबी स्थित पटाखा फैक्ट्री में हुई दुर्घटना में लोगों के हताहत होने की सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**-राज्यवर्धन सिंह राठौड़**



आने वाला चुनाव भारत को महान बनाने का चुनाव है, आने वाला चुनाव भारत को महाशक्ति बनाने का चुनाव है, आने वाला चुनाव भारत को दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बनाने का चुनाव है, इसलिए इस बार मध्य प्रदेश की सभी की सभी सीटों पर कमल खिलाना है।

**-सीपी जोशी**

## प्रेरक प्रसंग

# दुःख के बीज

एक बार बुद्ध वन के रास्ते से जा रहे थे। तभी एक व्यक्ति उनके पास आकर बोला, 'मैं बहुत दुखी हूं, लेकिन दुःख निवारण की कोई युक्ति नहीं सूझ रही।' बुद्ध ने पूछा, 'क्या दुःख है तुम्हें?' उस व्यक्ति ने कोई जवाब नहीं दिया। तब बुद्ध बोले, 'दुःख की गहराई में जाकर देखो।' उस व्यक्ति ने पूछा, 'वह कैसे?' बुद्ध ने उसे जंगल से अलग-अलग किस्म के पौधों के बीज लाने को कहा।

थोड़ी देर में वह व्यक्ति कई पौधों के बीज की गुठलियां ले आया। बुद्ध ने एक गुठली उसके हाथ से लेकर पूछा, 'यह क्या है?' उस व्यक्ति ने जवाब दिया, 'यह तो निबौरी है।' बुद्ध ने दूसरी गुठली दिखाकर पूछा, 'और यह क्या है?' उस व्यक्ति ने कहा, 'यह बेर है।' यह सिलसिला कुछ देर तक चला। बुद्ध ने सभी बीजों के बारे में उस व्यक्ति से पूछा और वह उनके नाम बताता रहा। फिर बुद्ध ने कहा, 'ऐसे ही दुःख के बीज होते हैं। कोई दुःख बिना बीज के नहीं उगता। दुःख के बीज पहचानो, फिर उसकी दवा कोई-न-कोई बता ही देगा।' यह सुनकर उस व्यक्ति को अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया।

## सामयिक

# लोकसभा चुनाव : मायावती के लिए करो या मरो की स्थिति

**अशोक भाटिया**

मोबाइल : 9221232130

लोकसभा चुनाव 2024 के देश में होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश में कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन कर लिया है। ऐसे में अब मायावती की समाजवादी पार्टी अकेले पड़ गई है। माना जा रहा है कि समाजवादी पार्टी -कांग्रेस के गठबंधन से एनडीए से ज्यादा नुकसान बसपा को उठाना पड़ेगा। इस बार के चुनाव में बसपा का प्रदर्शन 2019 के चुनाव से भी खराब हो सकता है। क्योंकि प्रदेश में अब त्रिकोणीय मुकाबला होते नजर आ रहा है। गठबंधन की अटकलों पर लगाम लगाते हुए मायावती कई बार कह चुकी हैं कि उनकी पार्टी को कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के वोट ट्रांसफर नहीं होते हैं। ऐसे में किसी भी पार्टी के साथ गठबंधन नहीं करने के लिए वह अटल हैं। ऐसे मेंउत्तरप्रदेश में क्लीन स्वीप के लिए निकली भाजपा को फायदा हो सकता है, क्योंकि भाजपा ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में रालोद के साथ गठबंधन कर लिया है, वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में ओम प्रकाश राजभर और अनुप्रिया पटेल के साथ गठबंधन किया है। ऐसे में साफ हो गया है कि इस बार उत्तर प्रदेश में त्रिकोणीय मुकाबला होने वाला है। दलित-मुस्लिम और पिछणों की आबादी वाली सीट पर भी भाजपा को फायदा हो सकता है।

पिछले चुनाव की बात करें तो समाजवादी पार्टी और रालोद के एक साथ चुनाव लड़ने पर एनडीए को उत्तर प्रदेश में 64 सीट ही मिल पाई थी। वहीं समाजवादी पार्टी को 10 और बसपा 5 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। कांग्रेस सिर्फ रायबरेली सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी, जहां से सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा था। अमेठी से राहुल गांधी भी चुनाव हार गए थे, अमेठी सीट पर स्मृति ईरानी ने कमल खिलाया था। वहीं साल 2014 की बात करें तो समाजवादी पार्टी -बसपा में गठबंधन नहीं होने से एनडीए को प्रदेश में 73 सीटें मिली थी। इस बार ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि कांग्रेस-समाजवादी पार्टी के गठबंधन से इन दोनों पार्टियों को कुछ फायदा हो सकता है, लेकिन भाजपा कई तरह की योजनाएं भी चला रही है। ऐसे में भाजपा को लाभ मिलना तय है।देखा जाय तो यह लोकसभा चुनाव मायावती की बहुजन समाज पार्टी के लिए करो या मरो की लड़ाई है।

मीडिया ने हॉल ही में जब वोटरों से संपर्क किया तो सीतापुर के सिधौली कस्बे में एक चाय की दुकान पर बैठे हजारी रैदास कहते हैं कि वह और उनके गांव के लोग बहन मायावती को ही वोट देंगे। उन्हें इससे मतलब नहीं कि बसपा चुनाव जीतती है या नहीं लेकिन अगर वह हाथी को वोट नहीं देंगे, तो बहन जी के पार्टी और कमजोर हो जाएगी। इसलिए इस बार दलित मायावती के साथ जाएगा। गौरतलब है कि बसपा सुप्रीमो मायावती इस बात को बखूबी जानती हैं कि अभी नहीं तो कभी नहीं। अगर इस बार उनकी पार्टी को झटका लगता है, तो आने वाले चुनाव और भी कठिन हो जाएंगे। साल 2007 में उत्तर प्रदेश विधान सभा चुनाव जीतने के बाद बसपा हर चुनाव में न सिर्फ हार रही है, बल्कि उसका वोट प्रतिशत भी कम होता जा रहा है। अब बहुजन समाज पार्टी के लिए स्थितियां बेहद मुश्किल है और जमीन बहुत ही कमजोर हो गई है। अब उनके वोट बैंक को भी चुनौती मिल रही है।

आजाद पार्टी के नेता चंद्रशेखर आजाद रावण दलितों के बीच एक नया चेहरा हैं और कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के सुप्रीमो अखिलेश यादव को उन पर काफी भरोसा है। चंद्रशेखर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के साथ खड़े हैं और इन दलों को लगता है कि उनके प्रभाव के कारण दलित वोट बसपा से कट कर गठबंधन के पक्ष में आ जाएगा। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति में चंद्रशेखर दलित वोटो पर पकड़ बना रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद दलितों के बीच ठीक उसी अंदाज से अपनी पकड़ बना रहे हैं जैसे बसपा ने शुरुआती दिनों में बनाई थी। उनके तेवर उतने ही आक्रामक हैं और उनकी भाषा भी वही है, जो काशीराम के समय में बसपा की हुआ करती थी। उनके समर्थक भी यह दावा करते हैं की बसपा सुप्रीमो मायावती का समय अब गुजर चुका है और चंद्रशेखर दलितों के नए और युवा नेता हैं।

इस खतरे को मायावती समझ रही हैं और इसीलिए उन्होंने पार्टी की बागडोर युवा चेहरे और अपने भतीजे आकाश को देने की घोषणा कर दी है । आकाश का चेहरा दलितों के बीच कितना असर डालेगा, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतना साफ है कि मायावती के तमाम प्रयोग अब तक असफल साबित हुए हैं।इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि मायावती के इतने कमजोर होने के बावजूद दलितों का एक समूह यानि उनके सजातीय वोट बैंक पर बसपा की पकड़ मजबूत बनी हुई है। यही कारण है कि इतनी कमजोर स्थिति के बावजूद मायावती के साथ समझौता करने की चाहत रखने वाले दलों की कमी नहीं है और राजनीति में अभी भी वह एक धुरी बनी हुई हैं।उनका सजातीय मतदाता अभी भी उनके साथ बना हुआ है। यह तब है, जब पिछले 10 सालों में बसपा का वोट प्रतिशत 22 प्रतिशत से गिर कर लगभग 13 प्रतिशत तक पहुंच गया है। लेकिन यह मायावती का चमत्कार ही है कि अपने कट्टर समर्थक सजातीय मतदाताओं को किसी के भी पक्ष में ट्रांसफर कर सकती हैं। यही उनकी ताकत है और यही उनकी मजबूती का कारण भी है।

यह अलग बात है की एक समय पूरे दलित और पिछड़ों समाज की मजबूत नेता रही मायावती के लिए अब जमीन बहुत ही खुरदुरी हो चुकी है और उनका ये प्रभाव अपने सजातीय मतदाताओं पर ही बचा है, लेकिन मायावती अच्छी तरह जानती हैं कि



जब तक 13 प्रतिशत वोट उनके साथ रहेगा, तब तक वह राजनीति में मजबूत तो रहेंगी, लेकिन निर्णायक नहीं। यही कारण है कि वह अब करो या मरो की लड़ाई लड़ रही हैं। अगर इस बार वह पिछले चुनाव के मुकाबले अपने को कहीं ज्यादा मजबूत साबित नहीं कर पाती हैं, तो राजनीतिक स्थितियां उनके और भी प्रतिकूल बन सकती हैं। बसपा की बेचैनी इस बात को लेकर है कि कहीं उसका परंपरागत मतदाता, जो इस समय भी उनके साथ है, बिखर न जाए। सभी दलों की निगाहें बसपा के वोट बैंक पर ही हैं। फिलहाल मायावती अपनी शर्तो पर ही राजनीति करती दिख रही हैं। वह अपने कैडर को यह संदेश दे रही हैं कि बसपा की वही नीतियां हैं, जो पहले थी और पार्टी अब भी मजबूत है। वास्तव में बसपा की यही राजनीतिक शैली रही है कि वह अपनी शर्तों पर समझौते करती है और अपनी शर्तों पर उन्हें तोड़ती भी है। उन्होंने कांग्रेस से दो टूक कह दिया कि गठबंधन कर चुनाव नहीं लड़ेंगे। अगर बसपा गठबंधन करेगी भी तो क्षेत्रीय आधार पर, न कि राष्ट्रीय आधार पर।

बसपा समर्थकों को उम्मीद है कि इस बार बहन जी कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन करेंगी, क्योंकि उन्होंने नेतृत्व एक युवा के हाथ में दे दिया है। सीतापुर के ही अटरिया के रहने वाले बसपा समर्थक धनराज कहते हैं की इस बार माहौल बन रहा है और बहिनजी को कहीं ज्यादा वोट मिलेंगे। वह इस बात को सही ठहराते हैं कि बहनजी ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस किसी से चुनावी समझौता नहीं किया।उनके कार्यकर्त्ता कहते हैं कि पिछली बार बहन जी को धोखा मिल चुका है। बहन जी का वोट तो साइकिल में चला गया यानि अखिलेश को चला गया, लेकिन यादवों ने हाथी को वोट नहीं दिया। इसलिए बहन जी अलग राह चल रही हैं। अटरिया के ही रामलाल कहते हैं कि उनके गांव के लोग हाथी को वोट देंगे और अगर कुछ बदलाव भी किया, तो और किसी को वोट दे, देंगे लेकिन समाजवादी पार्टी को वोट नहीं देंगे, क्योंकि वह धोखेबाज पार्टी है।बसपा का कैडर गांव गांव जाकर लोगों को समझा रहा है कि आंख बंद कर हाथी को वोट दें। अगर किसी दूसरी पार्टी के समर्थक समझाने आएं, तो साफ-साफ कह दें कि वे 'बहन जी के समर्थक हैं'। वैसे तो अभी भी बसपा की सारी राजनीति मायावती के चेहरे पर चल रही है और मायावती ही उसको मजबूती दे रही हैं, लेकिन वह धीरे-धीरे आकाश को भी पार्टी में स्थापित करती जा रही है। लेकिन बसपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है की उसके साथ मायावती का सजातीय मतदाता तो मजबूती से जुड़ा हुआ है, लेकिन दूसरे सामाजिक समीकरण में अभी भी उसके पक्ष में नहीं हैं। जब तक सभी दलित और पिछड़ा वर्ग के लोग उसे वोट नहीं देंगे, तो बसपा का वोट कैसे बढ़ेगा। फिलहाल बाकी दलित वर्ग और अति पिछड़ों में नरेंद्र मोदी की पकड़ मजबूत बनी हुई है और उसमें कोई बदलाव भी नहीं दिख रहा है। समाचार तो यह भी है कि लोकसभा चुनावों के पहले 10 सांसद बसपा छोड़ने को तैयार बैठे हैं। सूत्रों के मुताबिक- उनमें से रितेश पांडे सहित 4 सांसद तो भाजपा के संपर्क में हैं जबकि 3 सांसद कांग्रेस और तीन सांसद समाजवादी पार्टी के संपर्क में हैं। अगर अमरोहा के बसपा सांसद दानिश अली की बात करें तो उन्हें राहुल गांधी का साथ मिल चुका है और अमरोहा से कांग्रेस उन्हें टिकट भी देने जा रही है। बिजनौर से बसपा सांसद मलूक नागर की बात करें तो वो भाजपा के संपर्क में हैं जबकि लालगंज से सांसद संगीता आज़ाद भाजपा के संपर्क में हैं। अफजल अंसारी को गाजीपुर से समाजवादी पार्टी ने प्रत्याशी बना ही दिया है, श्रावस्ती के बसपा पार्टी सांसद राम शिरोमणि वर्मा भाजपा के बड़े नेताओं से मिल चुके हैं, तो ऐसे में मायावती के अकेले बिना गठबंधन में जाकर लोकसभा चुनाव लड़ने के कारण अपने भविष्य को अधर में देखते हुए ये सभी अपनी-अपनी जुगत लगाने में लगें हैं। इन सभी को उम्मीद थी कि आखिरी क्षणों में बसपा पार्टी इंडी गठबंधन का हिस्सा बन जाएगी, लेकिन मायावती के दो दिन पहले आए बयान के बाद सभी अपने-अपने भविष्य को संवारने में तेजी से लग गए हैं। अम्बेडकरनगर के बसपा सांसद रितेश पांडेय भाजपा में जाने को लेकर ताक लगाये बैठे हैं, घोषी के बसपा सांसद अतुल राय भाजपा की ओर आस लगाये बैठे हैं, जौनपुर से बसपा सांसद श्याम सिंह यादव भाजपा और कांग्रेस दोनों दलों के संपर्क में हैं और बुलावे को आतुर हैं। उत्तर प्रदेश के राजनीतिक गणित को समझने बताते है कि बसपा पार्टी के भाजपा के साथ जाने की संभावना न के बराबर है। भाजपा उ.प्र. में 2024 में 70 सीटों को जीतने का सपना देख रही है। पूरे देश में उसने 400 से अधिक लोकसभा सीटों का लक्ष्य रखा है। इसमें बसपा पार्टी को कहां जगह मिलने वाली है। इसलिए बसपा पार्टी भी नहीं चाहेगी वह लगातार कमजोर होती चली जाए। इसलिए जानकर कहते हैं कि बसपा पार्टी में संजीवनी लाने का एकमात्र तरीका यही है कि वह भी इंडिया गठबंधन में शामिल हो जाए ।

## चिंतन

# तुष्टिकरण की राजनीति का कुफल संदेशखाली प्रकरण

**आशीष वशिष्ठ**

मोबाइल : 99 3624 7777

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24-परगना जिले में कालिंदी नदी के किनारे बसा गांव संदेशखाली पिछले कई दिनों से चर्चाओं में है। तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख और उसके दो सहयोगियों पर यहां की महिलाओं ने कथित अत्याचार और यौन उत्पीड़न के कई गंभीर आरोप लगाए हैं। संदेषखाली की पीड़िताओं ने जो बातें जिम्मेदारी लोगों को बताई हैं, वह 21 वीं सदी में अकल्पनीय है। ऐसे में अहम सवाल है कि कोई शाहजहां शेख कैसे इतना निरंकुश हो जाता है? शाहजहां जैसे अत्याचारियों को ताकत कहां से मिलती है? इन सवालों का जवाब भाजपा प्रवक्ता एवं सांसद सुधांशु त्रिवेदी के बयान के छिपा है। सुधांशु के अनुसार, ''जो कुछ संदेशखाली में हो रहा है वो मात्र एक घटना नहीं बल्कि एक राजनीति सोच है, जो 78 वर्ष पूर्व नोआखाली से लेकर आज के संदेशखाली तक बंगाल के लिए नासूर बनती जा रही है। शाहजहां शेख एक व्यक्ति नहीं एक प्रवृत्ति है जिसे मात्र बंगाल में नहीं बल्कि पूरे भारत में एक विशेष प्रकार का सेक्युलर संरक्षण प्राप्त है।''

राजनीतिक इतिहास के पन्ने पलटे तो कांग्रेस पार्टी को मुस्लिम तुष्टिकरण की जननी कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। आजादी के बाद नेहरू से वर्तमान तक पार्टी तुष्टिकरण की राजनीति को समर्पित रही है। आजादी के बाद घरेलू ही नहीं, विदेशी नीति भी तुष्टिकरण से तय होती थी। सबसे बड़ी विडंबना यह रही कि जिन मुसलमानों के नाम पर कांग्रेस ने देश में तुष्टिकरण की नीति का आगाज किया उन मुसलमानों की माली हालत सुधरने की बजाय बिगड़ती चली गई। दूसरी विडंबना यह हुई कि कांग्रेसी तुष्टिकरण का संक्रमण क्षेत्रीय पार्टियों, मीडिया, बुद्धिजीवियों तक होता गया।

पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के बलबूते ही सत्ता में आई थी। सत्ता पर काबिज होने के बाद से तृणमूल की सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए हिंदुओं व दूसरे समुदायों की पूरी तरह अनदेखी की। हिन्दुओं के धार्मिक उत्सवों और यात्राओं तक में सरकार ने अड़चने लगाने का काम किया। पश्चिम बंगाल में हिन्दुओं की जो दुर्दशा हो रही है, वो किसी छिपी नहीं है। तृणमूल के नेता और कार्यकर्ता जिस तरह का अत्याचार कर रहे हैं, वो सुनकर हैरानी होती है कि हम किसी लोकतांत्रिक व्यवस्था में रहते हैं, और पश्चिम बंगाल में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई सरकार है। पश्चिम बंगाल हो या फिर दिल्ली मुस्लिम



तुष्टिकरण को लेकर इनमें होड़ है। दिल्ली के दंगों में आम आदमी पार्टी के नेताओं की भूमिका सर्वविदित है। दिल्ली में शाहीन बाग प्रदर्शन के पीछे भी मुस्लिम तुष्टिकरण वाली राजनीतिक ताकतें अपना चेहरा चाहकर भी छुपा नहीं पाई थीं। तेलंगाना में जब बीआरएस और राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार थी, तब वहां मुस्लिम तुष्टिकरण ही राज्यनीति था। बिहार में राष्ट्रीय जनता दल जब सरकार की हिस्सेदार थी, तब वहां भी मुस्लिम तुष्टिकरण चरम पर था।

आजादी के बाद देश में जिस मुस्लिम तुष्टिकरण की नीति को जो बीज बोया गया, वह आगे चलकर वट वृक्ष बन गया। भारत दुनिया का इकलौता देश बना जहां बहुसंख्यकों के हितों की कीमत पर अल्पसंख्यकों को वरीयता दी गई। कांग्रेसी तुष्टिकरण का पहला नमूना आजादी के तुरंत बाद देखने को मिला जब देश के पहले राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने गुलामी के पहले कलंक को मिटाने के लिए भव्य सोमनाथ मंदिर बनाने की पहल की। लेकिन मुस्लिम परस्ती के चलते प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर के नवीनीकरण और पुनर्स्थापना के कार्य से खुद को अलग कर लिया बल्कि तत्कालीन सौराष्ट्र के मुख्यमंत्री को आदेश दिया कि मंदिर निर्माण में सरकार का एक भी पैसा नहीं लगना चाहिए। इतना ही नहीं, जब राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद पुनर्निमित सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने जाने लगे तब नेहरू ने उन्हें रोकने की नाकाम कोशिश भी की। वास्तव में, अल्पसंख्यकवाद और मुस्लिम तुष्टिकरण ही भारत के छद्म धर्म (पंथ) निपरेक्षतावाद की मूल धुरी है। इस देश के मुसलमानों का खुश रहना नहीं, उन्हें खुश रखने के लिए हर संभव प्रयत्न का नाम है सेकुलरिटी। जैसे गरीबी हटाने का नारा जीवित रखने के लिए गरीब बनाकर रखना एक राजनीतिक आवश्यकता है, ठीक उसी प्रकार से इस देश के मुसलमानों को अपनी पूजा पद्धति रोजा नमाज और मस्जिद सहित यहां की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा न बनने देकर उसके समानांतर एक मुस्लिम मजहबी धारा बनाकर रखना भी वोट राजनीति की जरूरत है।

वोट राजनीति की इस विवष्ता को कतिपय राजनीतिक दल, दल विहीन राजनेता और बुद्धिवादी देश का स्थायी भाव बना देने की जी तोड़ कोशिशें कर रहे हैं। स्वभावतरू पंथनिरपेक्ष भर को सुनियोजित ढंग से पंथ और मजहब के संदर्भ में सोचने, जीने और अपना मानस बनाने को कहा जा रहा है कि यदि ऐसा सोचा और किया न गया तो देश साम्प्रदायिकता की आग में जलकर राख बन जायेगा। यदि संक्षेप में और कुछ वाक्यों में कहें तो आज के भारत की धर्म (पंथ) निरपेक्षता मुस्लिम सापेक्षता का पर्याय है। दोनों एक दूसरे के दास हैं। दोनों की आधार भूमि है सत्ता राजनीति। यह मान लिया गया है कि मुस्लिम सापेक्ष न होना पंथनिरपेक्षता का विरोधी होना है। यह कि यदि हमारी सोच का केंद्र बिंदु मुसलमान नहीं हैं तो हम भारत राष्ट्र को तोड़ने की दिषा में बढ़ रहे हैं। यदि हम किसी अबोध शिशु की दुधमुंही मुस्कान से प्राप्त होने वाले आत्म और वात्सल्य का अनुभव नहीं करते, तो हम मुस्लिम ही नहीं, भारत विरोधी भी हैं। और यह कि यदि हम अपने आचार विचार से हिन्दू विरोधी नहीं हैं तो हम सेकुलर नहीं है। अतएव यदि हमें सेकुलर बने रहना है तो हमें चाहिए कि हम कष्मीर घाटी से भगा दिये गये हिन्दुओं की पीड़ा प्रताड़ना, उनके दुख और दैन्य की बात न करें। कन्हैया लाल की हत्या और संदेषखाली पर मुंह बंद रखें। यानी हिन्दुओं पर होने वाले अत्याचारों जिसमें सरकारें और राजनीति दल षामिल हैं, को अनदेखा करें। कांग्रेस की इस तुष्टिकरण की नीति का असर दूसरी राजनीतिक पार्टियों पर भी पड़ा और वे मुस्लिम वोट बैंक छिटकने के डर से हिंदुओं के हित में बोलने से कन्नी काटने लगीं। लालू प्रसाद यादव, मुलायम सिंह यादव, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, ममता बनर्जी, एन चंद्रबाबू नायडू, अरविंद केजरीवाल, चंद्रशेखर राव जैसे नेताओं की मुस्लिमपरस्ती एक दिन में नहीं आई है। यह सब कांग्रेसी तुष्टिकरण रूपी वटवृक्ष के फल हैं। दरअसल कांग्रेस द्वारा क्षेत्रीय अस्मिताओं की उपेक्षा और तानाशाही से उपजी क्षेत्रीय पार्टियों ने मुस्लिम वोट हासिल करने के लिए मुसलमानों के सशक्तिकरण की बजाय तुष्टिकरण का कांग्रेसी फार्मूला अपना लिया। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर मुसलमानों का पिछड़ापन बढ़ा तो दूसरी ओर कट्टरपंथ को उर्वर जमीन मिली। तुष्टीकरण' की राजनीति ने मुख्यरूप से मुस्लिमों के बीच की मलाईदार पर्त' को ही फायदा पहुंचाया। इससे कथित धर्मनिरपेक्ष राजनीति का खोखलापन उजागर होता है।

कांग्रेस का इतिहास खुद इस बात का गवाह है कि उसने अपनी पूरी राजनीति तुष्टीकरण को आधार बनाकर ही की है अल्पसंख्यकों में भी उसने सबसे अधिक मुस्लिम वोटों पर अपना ध्यान केंद्रित किया है, क्योंकि मुस्लिम वोट देश के कई हिस्सों में निर्णायक साबित होते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश के बजट पर पहला हक मुसलमानों का बनता है। साल 2018 में उर्दू अखबार इंकलाब की एक रिपोर्ट के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा मुस्लिम बुद्धिजीवियों के बीच कथित तौर पर अपनी पार्टी को मुस्लिमों की पार्टी बताया था। कर्नाटक चुनाव में कांग्रेस और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस की जीत की बड़ी वजह मुसलमानों का थोक वोट मिलना था। पिछले साल मुस्लिम वोटों की बदौलत कांग्रेस तेलंगाना में सत्ता हासिल करने में सफल रही।

राजनीतिक दल वोट बैंक के लिए तुष्टिकरण का सहारा लेते आए हैं। राजनीतिक दलों ने अपने एजेंडे के हिसाब से धर्म व संप्रदाय बांट रखे हैं और उसके तुष्टिकरण में वो किसी भी हद तक चले जाते हैं। सच्चाई यह है कि तुष्टिकरण देश के विकास, सद्भाव, भाईचारे, सुरक्षा और शांति के लिए हानिकारक है। मौकापरस्त, स्वार्थी और गलत प्रवृत्ति के व्यक्ति तुष्टिकरण की आड़ में अन्याय, अनाचार, दुराचार और पाश्विकता करते हैं जो शाहजहां शेख और उसके गुर्गों ने संदेशखाली में किया। सही मायनो में संदेशखाली में जो कुछ हुआ वो राजनीतिक तुष्टिकरण का कुफल है। राजनीतिक दलों को तुष्टिकरण की राजनीति से बाज आना चाहिए, इसी में सबकी भलाई है।

## महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टेंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# मोदी सरकार को 400 से अधिक लोकसभा सीट के साथ तीसरा कार्यकाल देने का संकल्प लें : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



ग्वालियर/खुजराहो। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीट जीतने का लक्ष्य हासिल करने के लिए पिछले आम चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट हासिल करने का प्रयास करने को कहा। शाह मध्य प्रदेश की चार लोकसभा सीट- मुरैना, भिंड, गुना और ग्वालियर के ग्वालियर-चंबल 'क्लस्टर' की बूथ प्रबंधन समिति के लगभग 400 नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। बैठक में हिस्सा लेने वाले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक स्थानीय नेता ने शाह को उद्धृत करते हुए कहा कि पार्टी के लिये हर एक मत महत्वपूर्ण है। शाह ने कहा कि उन्होंने कार्यकर्ताओं से पिछले चुनाव की तुलना में प्रत्येक बूथ पर 370 अतिरिक्त वोट सुनिश्चित करने को कहा। नेता ने शाह के हवाले से कहा कि लोकसभा चुनाव में लगभग 100 दिन बचे हैं। केंद्रीय मंत्री ने जमीनी स्थिति जानने के लिए पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ एक-एक कर बैठक की और लोकसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए उनके साथ रणनीतियों पर चर्चा की। नेता ने कहा कि उन्होंने (शाह ने) भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 फीसदी बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया।

नेता ने कहा, उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव में पार्टी का मत प्रतिशत 10 प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास करने का आग्रह किया। इससे पहले, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और राज्य भाजपा प्रमुख वी.डी. शर्मा ने शाह का यहां पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया। खुजराहो में पार्टी के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के बारे में है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा, कांग्रेस का मतलब है भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचार का मतलब है कांग्रेस। शाह ने कहा कि कांग्रेस ने अपने 10 साल के कार्यकाल (2004 से 2014 के बीच) में 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले किए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा, 400 से अधिक सीट जीतकर केंद्र में फिर से मोदी के नेतृत्व वाली सरकार बनाने का संकल्प लें। आगामी लोकसभा चुनाव मोदी के नेतृत्व में भारत को महाशक्ति और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए है। मोदी सरकार के तहत अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण की सराहना करते हुए शाह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी यह कहकर उन पर कटाक्ष करते थे कि भारतीय जनता पार्टी दावा करती है कि वह मंदिर बनाएगी, लेकिन लोगों को निर्माण की तारीख नहीं बताएगी।

शाह ने कहा, मोदी सरकार के तहत मंदिर का निर्माण किया गया है। भाजपा जनता से की गई हर प्रतिबद्धता को पूरा करती है। इस महीने की शुरुआत में, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश में एक जन सभा के दौरान कहा था कि भाजपा लोकसभा चुनावों में 370 सीट का आंकड़ा पार कर जाएगी और यहां तक कि संसद में विपक्षी नेता भी कह रहे हैं कि सत्तारूढ़ गठबंधन को 400 से अधिक सीट मिलेंगी।

स्वागत



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रविवार को गुजरात के द्वारका में कई विकास परियोजनाओं के शिलान्यास के दौरान लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

## ऋषि सुनक ने ब्रिटेन की राजनीति में 'जहरीली' संस्कृति के प्रति आगाह किया

लंदन। ब्रिटिश सांसदों को इजराइल-गाजा संघर्ष के संबंध में हाउस ऑफ कॉमन्स में उनके मतदान के इरादों को लेकर सुरक्षा खतरों का सामना करने की खबरों के बीच प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने राजनीति में बढ़ती जहरीली संस्कृति के प्रति आगाह किया है। ब्रिटिश भारतीय नेता सुनक (43) ने आतंकवाद का महिमामंडन करने के लिए चरमपंथियों द्वारा देश की सड़कों पर विरोध प्रदर्शनों को 'हाइजैक' करने की निंदा करते हुए शनिवार को एक बयान जारी किया। यह बयान तब जारी किया गया है जब 'द संडे टाइम्स' अखबार में एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि तीन अज्ञात महिला सांसदों की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के बाद उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की अनुमति दी गयी है।

1951-52 का चुनाव

# भारत ने अभूतपूर्व लोकतांत्रिक प्रक्रिया कैसे सफलतापूर्वक पूरी की थी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। नवोदित भारतीय गणतंत्र ने 1951-52 के चुनाव की विभिन्न चुनौतियों को पार करते हुए और कई आलोचकों को गलत साबित करते हुए अभूतपूर्व लोकतांत्रिक प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की थी जब देश के बंटवारे के जख्म भरे नहीं थे और उस समय बड़ी संख्या में मतदाता निरक्षर थे। आजादी के बाद भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने लोकसभा की 489 सीट के लिए जब देश का पहला संसदीय चुनाव कराया था, उस समय आयोग बने बमुश्किल एक ही साल हुआ था। पहले लोकसभा चुनाव में 17 करोड़ 30 लाख मतदाताओं ने 1,874 उम्मीदवारों में से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया था।

इस साल लोकसभा के 18वें आम चुनावों की तैयारी में लगे निर्वाचन आयोग पर 1950 के दशक में जनसांख्यिकीय, भौगोलिक और साजो सामान संबंधी चुनौतियों का सामना करते हुए चुनाव कराने की बहुत बड़ी जिम्मेदारी थी। पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस वाई कुरैशी ने कहा कि 1951-52 का पहला आम चुनाव उस समय भी दुनिया में हुई सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया थी। उन्होंने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सुकुमार सेन (भारत के पहले मुख्य निर्वाचन आयुक्त) को सलाम है जिन्होंने पहला आम चुनाव कराया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। इतनी व्यापक प्रक्रिया को किसी पूर्व अनुभव के बिना सम्पन्न किया गया जिसके लिए पहले से कोई बुनियादी ढांचा उपलब्ध नहीं था।

कुरैशी ने कहा कि भारत ने वास्तव में एक बेहतरीन प्रयोग किया था जैसा कि उस समय फिल्म प्रभाग द्वारा चुनाव पर निर्मित एक लघु वीडियो में दिखाया गया था। इस वीडियो में यह भी उल्लेख किया गया था कि चुनाव की वास्तविक प्रक्रिया से पहले 'मॉक' (अभ्यास) चुनाव कराए गए थे। आयोग द्वारा प्रकाशित 'जनरल इलेक्शंस 2019: एन एटलस' के अनुसार, पहले चुनाव की प्रक्रिया 25 अक्टूबर, 1951 को शुरू हुई और यह चार महीने तक चली। इस दौरान 17 दिन मतदान हुआ था। यह प्रक्रिया शुरू करने से पहले मतदाता सूची तैयार करते समय आयोग ने पाया कि कुछ राज्यों में बड़ी संख्या में महिला मतदाताओं का पंजीकरण उनके अपने नाम से नहीं बल्कि उनके परिवार के पुरुष सदस्यों के साथ उनके संबंधों के विवरण के आधार पर किया गया था, जैसे अमुक व्यक्ति की मां या पत्नी आदि। स्थानीय प्रचलन के अनुसार, इन इलाकों में महिलाएं अजनबियों को अपना नाम बताने से कतराती थीं।

पहले आम चुनावों पर 1955 में प्रकाशित आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, उस समय निर्देश जारी किए गए थे कि मतदाता का नाम उसकी पहचान का एक अनिवार्य हिस्सा है इसलिए इसे मतदाता सूची में शामिल किया जाना चाहिए। उस समय लोगों में जागरूकता बढ़ाई गई और मतदाताओं का असल नाम जोड़ने के लिए चुनाव कराने की अवधि को विशेष रूप से बढ़ाया गया। रिपोर्ट में कहा गया, देश में कुल लगभग आठ करोड़ महिला मतदाताओं में से लगभग 20 से 80 लाख महिलाओं ने अपने असल नाम की जानकारी नहीं दी जिसके कारण उनसे संबंधित प्रविष्टियों को मतदाता सूची से हटाना पड़ा।

# गाजा में अस्थायी संघर्ष विराम और बंधकों-कैदियों की अदला-बदली पर हो रही प्रगति : इजराइली मीडिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तेल अवीव। इजराइल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम और गाजा में रखे गए दर्जनों बंधकों के साथ-साथ इजरायल द्वारा कैद किए गए फलस्तीनियों की रिहाई के लिए मध्यस्थ एक समझौते पर आगे बढ़ रहे हैं। इजराइली मीडिया ने रविवार को यह जानकारी दी। इजराइल की 'वार कैबिनेट' (युद्ध से जुड़े मुद्दे पर गठित मंत्रियों के समूह) ने शनिवार देर रात प्रस्ताव पर चर्चा के लिए बैठक की, लेकिन उन्होंने क्या निर्णय लिया है, इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया।

कई इजराइली मीडिया संस्थानों ने अनाम अधिकारियों के हवाले से कहा कि इजरायल आगे की चर्चा के लिए कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेजेगा। हमास का कहना है कि वह अमेरिका, मिस्र और कतर द्वारा तैयार किये गए नए प्रस्ताव में अब तक शामिल नहीं हुआ है, लेकिन खबरों में बताई गई रूपरेखा काफी हद तक संघर्ष विराम के पहले चरण की उसकी पिछली मांगों से मेल खाती है। हमास के शीर्ष राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया पिछले सप्ताह काहिरा में थे।

इस बीच, इजराइल गाजा-मिस्र सीमा पर स्थित सबसे दक्षिणी शहर रफह तक अपने आक्रमण का विस्तार करने की योजना बना रहा है, जहां क्षेत्र की 23 लाख से अधिक आबादी ने गंदे शिविरों, खचाखच भरे अपार्टमेंट और भरे हुए आश्रय स्थलों में शरण ली हुई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि वह नागरिकों की निकासी सहित रफह में राहत कार्य के लिए योजनाओं को मंजूरी देने के वास्ते इस सप्ताह मंत्रिमंडल की बैठक बुलाएंगे।

कतर के साथ इजरायल और हमास आतंकवादी समूह के बीच बातचीत में मध्यस्थ मिस्र के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को कहा कि संघर्ष विराम समझौते के मसौदे में 300 फलस्तीनी कैदियों के बदले में 40 महिलाओं और वृद्ध बंधकों की रिहाई शामिल है।

मिस्र के अधिकारी ने कहा, लड़ाई में प्रस्तावित छह सप्ताह के ठहराव में हर दिन गाजा में अत्यंत आवश्यक राहत सहायता लाने के लिए सैकड़ों ट्रकों को अनुमति देना होगा। इसमें गाजा के घिरे क्षेत्र का उत्तरी आधा हिस्सा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष आगे की रिहाई और स्थायी संघर्ष विराम के लिए रोक के दौरान बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए।



# पंजाबी फिल्म 'जट नू चुडैल टाकरी' का ट्रेलर जारी

मुंबई/एजेन्सी

पंजाबी संसेशन गिप्पी ग्रेवाल अपने फैंस के एंटरटेनमेंट को मद्दे नजर रखते हुए एक बार फिर अपनी नई फिल्म 'जट नू चुडैल टाकरी' के साथ आ गए हैं। जिसका ट्रेलर आज रिलीज कर दिया गया है। जल्द फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज किया जायेगा। इस फिल्म में इंडस्ट्री के कई जानें मानें चेहरे दिखाई देंगे।

फिल्म 'जट नू चुडैल टाकरी' का ट्रेलर रिलीज किया जा चूका है। फैंस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले फिल्म का पोस्टर जारी हुआ था तब से ही फैंस को ट्रेलर का इंतजार था जो अब खत्म हो चुका है। फिल्म 'जट नू चुडैल टाकरी' 15 मार्च, 2024 को रिलीज होने वाली है। कलाकारों में गिप्पी, सरगुन और रूपी, निर्मल ऋषि, अमृत अंबी के साथ और भी कई सितारें शामिल हैं।

# सलमान खान चाहेंगे तो जरूर बनेगी 'इंशा अल्लाह'

मुंबई/एजेन्सी



सलमान खान और संजय लीला भंसाली ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। 'खामोशी', 'हम दिल दे चुके सनम', 'सांवरिया' जैसी फिल्मों को देख सभी दर्शक इस डायरेक्टर-एक्टर की जोड़ी को साथ देखना चाहते हैं। कुछ साल पहले 'इंशा अल्लाह' में साथ काम करने की बात उठी थी, अब इस मूवी को लेकर संजय लीला भंसाली ने बहुत बड़ा हिंट दे दिया है।

दरअसल, संजय लीला भंसाली तो 'पद्मावत' के बाद ही सलमान खान के साथ काम करना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से बात नहीं बनी। संजय ने ये बात एक इंटरव्यू में कही है। ये इंटरव्यू अब सोशल मीडीया पर खूब शेयर किया जा रहा है। इस वीडियो में संजय लीला भंसाली कहते दिख रहे हैं कि सलमान खान और वो बहुत अच्छे दोस्त हैं।

वो 'पद्मावत' के बाद उनके साथ काम करने वाले थे, उन्होंने आगे हाथ भी बढ़ाया मगर बात नहीं बनी। अभी भी जब बात करेंगे तो दोस्तों की तरह ही बात करेंगे। वो आगे कहते हैं- ऐसा नहीं है कि हम एक दूसरे को पसंद नहीं करते, हम अजनबी हैं, हम बात नहीं करते। आज मैं जो भी हूं उसमें उनका बहुत बड़ा हाथ है, मैं इसके लिए उनका हमेशा आदर करूंगा। मगर अब बॉल उनके कोर्ट में है और वो चाहें तो हम साथ काम कर सकते हैं। अगर भगवान चाहेंगे तो 'इंशा अल्लाह' होना होगा तो होगा। वर्क फ्रंट की बात करें तो संजय लीला भंसाली 'लव एंड वार' फिल्म पर काम कर रहे हैं। इसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल साथ नजर आएंगे।




# फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

नैचुरल स्टार नानी की एक्शन से भरपूर फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का टीजर रिलीज हो गया है। विवेक आत्रेया द्वारा निर्देशित और डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, फिल्म 'सारिपोधा सनिवारम' का दूसरा मुख्य शेड्यूल हाल ही में पूरा किया गया था और अब निर्माताओं ने 'सारिपोधा सनिवारम' की आधिकारिक टीज़र कर दिया गया है।मल्टिलिंगग्वल रिलीज, यह फिल्म तेलुगु, तमिल, कन्नड़, हिंदी और मलयालम में रिलीज होगी। 'सारिपोधा सानिवारम' के टीजर में नेचुरल स्टार नानी को 'सूर्या' के रूप में पेश किया गया है, जो एक एक्शन स्टार के रूप में नजर आ रहे हैं।आधिकारिक टीज़र के साथ डीवीवी एंटरटेनमेंट द्वारा नानी के एक नए पोस्टर का अनावरण किया गया। विवेक आत्रेय द्वारा लिखित और निर्देशित 'सारिपोधा सनिवारम' 29 अगस्त, 2024 को दुनिया भर में रिलीज होने वाली है। डीवीवी दानय्या द्वारा डीवीवी एंटरटेनमेंट के तहत निर्मित, इस फिल्म में एसजे सूर्या, प्रियंका अरुल मोहन और एसजे सूर्या साई कुमार पी भी हैं।

फिल्म का संगीत जेक बेजॉय द्वारा तैयार किया गया है, जबकि एडिटिंग का कार्यभार कार्तिका श्रीनिवास ने संभाला है। सिनेमैटोग्राफी का प्रबंधन मुरली जी द्वारा किया है।

# अदिति ने भंसाली को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



मुंबई/एजेन्सी

संजय लीला भंसाली के जन्मदिन के अवसर पर शनिवार को एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने 'हीरामंडी' के सेट से तस्वीरें साझा कीं और उन्हें कभी हार न मानने देने के लिए धन्यवाद दिया। अदिति ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें साझा कीं। एक तस्वीर में सेट पर अभिनेत्री-फिल्म निर्माता के साथ बातचीत कर रही हैं जबकि दूसरी में दोनों की एक सेल्फी है। अदिति ने लिखा कि जन्मदिन मुबारक हो मेरे सबसे प्यारे संजय सर। अंतहीन प्रेरणा के लिए धन्यवाद, आपके प्रतिभाशाली दिमाग के लिए धन्यवाद, हमें कभी हार न मानने देने के लिए आपके दिली प्यार के लिए आपका धन्यवाद!

उन्होंने आगे लिखा कि आपके उग्र जुनून के लिए, सबसे अद्भुत शिक्षक होने के लिए, अंतहीन सुंदरता, विस्तार, हंसी, संगीत, नृत्य, सबसे स्वादिष्ट घर का नाश्ता जो अक्षय पात्र की तरह है, के लिए धन्यवाद। अभिनेत्री ने आगे कहा कि और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके प्यार और विश्वास के लिए धन्यवाद। संजय सर, आपके होने के लिए धन्यवाद। आप हमेशा उन सभी से घिरे रहें जिनसे आप प्यार करते हैं और वे सभी लोग जो आपसे प्यार करते हैं, लव यू सर।

आगामी वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख हैं। यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि में पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से हीरामंडी जिले की सांस्कृतिक हकीकत की पड़ताल करती है।

# दृष्टि धामी ने पोस्ट किया ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो



मुंबई/एजेन्सी

एक्ट्रेस दृष्टि धामी ने अपना एक शानदार ट्रांसफॉर्मेशन वीडियो जारी किया है, जिसमें वह सिंपल कैजुअल से लेकर बेहद ग्लैमरस लुक में नजर आ रही हैं। प्रशंसक उनकी सुंदरता की जमकर तारीफ कर रहे हैं। अभिनेत्री ने, जो 'गीत-हुई सबसे पराई' और 'दिल मिल गए' जैसे शो में अपनी भूमिका के लिए जानी जाती हैं, रविवार को इंस्टाग्राम पर अपने 31 लाख फॉलोअर्स के लिए एक रील वीडियो साझा किया, जिसमें उनका खूबसूरत लुक ट्रांसफॉर्मेशन दिख रहा है। पहले दृश्य में दृष्टि ने सफेद और नीले रंग का धारीदार टैंक टॉप पहन रखा है, जिसमें कोई मेकअप नहीं है। वह शैगी के 'बूमबैस्टिक' गाने पर होंठ हिलाती दिख रही हैं। इसके बाद वीडियो में उनका ट्रांसफॉर्मेशन दिखाया गया है, जिसमें वह अपना हॉट ग्लैमरस लुक दिखाती नजर आ रही हैं।

39 वर्षीया एक्ट्रेस ने गहरे नेकलाइन के साथ पूरी तरह से काले रंग की पोशाक पहनी हुई है। न्यूड पिंक लिपस्टिक, आँखों में काजल, ब्लश और हाइलाइट किए हुए गाल और आर्क्ड आईब्रो उनके मेकअप हैं। उन्होंने अपने बालों को साफ-सुथरे जूड़े में बांध रखा है। एक्सेसरीज़ के लिए उन्होंने सोने की चूड़ियाँ, मैचिंग चोकर नेकलेस और झुमके चुने। उनके वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए यूजरों ने सुंदर, सेक्सी जैसी टिप्पणियां लिखीं।

एक फैन ने कहा कि प्लीज टीवी शो करो बड़े दिन हो गए।' एक अन्य प्रशंसक ने लिखा: मधुबाला। काम के मोर्चे पर, दृष्टि ने आखिरी बार 2023 की वेब सीरीज 'दुरंगा' में अभिनय किया था। उन्होंने गुलशन देवैया-स्टारर शो में इरा जयकर पटेल का किरदार निभाया था।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.



# शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज का स्नेह मिलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न

## शर्मा परिवार ने प्रतिष्ठा महोत्सव के सहयोगियों का किया सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज व लाभार्थी सुनील शर्मा परिवार द्वारा गत दिनों जेपी पगर में आयोजित पांच दिवसीय सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सफल आयोजन पर शनिवार को पैलेस ग्राउंड सभागार में एक स्नेह मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें सुनील संतोष शर्मा प्रतिष्ठा महोत्सव में सहयोग करने वाले सभी मंडलों, सहयोगियों, समितियों के सदस्यों का सम्मान किया गया। माध्यम महिला मंडल के सदस्याओं को प्रतिष्ठा अनुष्ठान में सक्रिय योगदान के लिए संतोष शर्मा एवं चंद्रा शर्मा द्वारा आदर्श भास्कर गृहिणी का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में सुनील शर्मा द्वारा आगामी नववर्ष विक्रम संवत 2081 का सार्वभौम भास्कर पञ्चाङ्ग का निशुल्क वितरण किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा सुनील शर्मा परिवार का सम्मान किया गया। उस मौके पर समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

शहर के तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर के तत्वावधान में कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया।



# आरआर नगर की तेरापंथ महिलाओं ने आयोजित किया कैंसर जागरुकता कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के तेरापंथ महिला मंडल आरआर नगर के तत्वावधान में कैंसर जागरुकता कार्य्रकम का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष सुमन पटावरी ने सभी का स्वागत किया। संगीता मेहता ने अतिथियों का परिचय दिया। इस मौके पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डॉ अनिल मेहता, डॉ.संकरी एम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कैंसर बचाव की महत्वपूर्ण जानकारी दी । डॉ. गौरव राठी ने ब्रेस्ट कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने कैंसर के कारण एवं बचाव की जानकारी देते हुए नियमित जांच को महत्वपूर्ण बताया। इस घातक बीमारी के बारे में फैली भ्रांतियां को दूर किया। हर एक ज़िम्मेदार नागरिक इस ओर जागरूक रहे तो हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। सहमंत्री वंदना भंसाली ने धन्यवान दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी वक्ताओं व डाक्टरों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में तेरापंथ महिला मंडल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मधु कटारिया, पूर्व अध्यक्ष, समाज के अन्य संप्रदायों से भी अच्छी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन मंत्री पदमा महेर एवं सहमंत्री वंदना भंसाली द्वारा किया गया।

### प्रोत्साहन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु सिटी पुलिस फ्रेंड्स संस्था द्वारा एमसी लेआउट स्थित बालगंगाधरनाथ स्वामी खेल मैदान में क्रिकेट प्रतिस्पर्धा 'बीसीपी कप 2024' का आयोजन किया गया जिसमें 22 टीमों ने भाग लिया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आज का युवा फिटनेस के प्रति जागरुक है और उसने खेल को नियमित दिनचर्या से जोड़ दिया है। टोक्यो ओलंपिक एवं पैरालंपिक एवं एशियन गेम्स में भारत के खिलाड़ियों ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करके दुनिया को यह दिखा दिया है कि यह नया भारत है युवाओं के सपनों का भारत है।



# मैसूरु जीतो लेडीज विंग ने आयोजित की शटल क्लैश बैडमिंटन प्रतियोगिता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के जैन इन्टरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन जीतो की मैसूरु चैप्टर की लेडीज विंग ने फ्रेंड्स स्पोर्ट्स क्लब ने शटल क्लैश बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें मैसूरु, मंड्या, चामराजनगर जिले के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर नम्रता शेनॉय उपस्थित थीं। कार्यक्रम में जीतो मैसूरु चैप्टर के चेयरमैन कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष महेन्द्र कटारिया, मुख्य सचिव गौतम सालेचा सहित जीतो लेडीज विंग की चेयरमैन मोना भटेवरा, उपाध्यक्ष सपनी गांधी, मुख्य सचिव रजनी डागलिया, कोषाध्यक्ष, सरीता बाघमार, सहसचिव मीनाक्षी कोठारी, योजना निर्देशक भारती मेहता संजू रुणवाल, जीतो यूथ विंग उपाध्यक्ष सिद्धार्थ जैन, मुख्य सचिव अनमोल जैन आदि उपस्थित थे।



# हीराबाग में आयोजित निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 1100 मरीज हुए लाभान्वित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । जैन यूथ एसोसिएशन केंट के तत्वावधान में हीरा बाग में रविवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 1100 मरीजों ने आंखों की जांच करवाई। इस शिविर में 800 मरीजों को निशुल्क चश्में दिए गए तथा 125 मरीजों को शल्य चिकित्सा के लिए चयनीत किया गया। इसके साथ ही 2000लोगों के लिए अन्नदान किया गया। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष राजेशकुमार बोहरा, शिविर के चेयरमैन अनूप बोहरा, मंत्री अभिषेक लुणिया, को-चेयरमैन दिलीप सोलंकी, रोहित सोलंकी, मोहनलाल बोहरा आदि ने व्यवस्थाओं ने सहयोग दिया।




# पूनम मेले के उपलक्ष्य में नाकोड़ा तीर्थ पर हुए अनेक धार्मिक अनुष्ठान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अरसीकेरे। यहां के दक्षिण नाकोडा तीर्थ श्री संकटमोचन पार्श्वभैरव धाम अरसीकेरे में पूनम मेले का आयोजन किया गया। मनाली सुरेशकुमार लुणिया परिवार ने मेले का संपूर्ण लाभ लिया। आचार्यश्री कुंदकुंदसूरीश्वरजी की निश्रा में भक्तामर पार्श्व एवं गुरु इक्तीसा पूजा भैरव चालीसा का आयोजन किया गया। तुषार गुरु द्वारा पार्श्व भैरव महापूजन का आयोजन हुआ। दिलखुश बाफणा के साथ रिंकु बाफणा, प्रकाश राठौड एवं प्रेमलता आदि ने भजनों की प्रस्तुति दी।

इस मौके पर राष्ट्रीय पार्श्व भैरव भक्त परिवार द्वारा रेल यात्रा संघ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मेले में भैरवजी को छप्पनभोग, 108 श्रीफल, पुष्प अर्पण एवं तेल चढ़ाना एवं 108 दीपक की आरती का आयोजन किया गया।



# विश्व शांति का मार्गदर्शक है जैन धर्म : आचार्य महेन्द्रसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

शिव्वमोग्गा। शहर के आदिनाथ जैन श्वेताम्बर जैन संघ में आचार्यश्री महेन्द्रसागर सूरीश्वरजी ने प्रवचन में कहा कि कई धर्म व्यक्तियों के नाम से प्रसिद्ध है परन्तु जैन धर्म किसी तीर्थकर के नाम से प्रसिद्ध नहीं अपितु जैन धर्म गुण सम्पन्न नाम हैह। जो राग, द्वेष व भीतरी शत्रुओं को जीत लेता है वह जिन कहलाता है और जिन लोगों पालन किया जाने वाला धर्म जैन धर्म है । जैन धर्म की उपासना करने वाला जैन कहलाता है। विश्व शांति का मार्गदर्शक है यह जैन धर्म। भगवानश्री महावीर ने धर्म तीर्थ की परंपरा को इस कलियुग में अर्थात् पंचम काल के जीवों तक पहुॅचाकर अनंत उपकार किए है। रविवार को शिव्वमोग्गा के तालुक अधिकारी बीएन गिरिश ने आचार्यश्री ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



कर्नाटक इनरवियर एसोसिएशन के अध्यक्ष दिलीप जैन, उपाध्यक्ष अश्विन सेमलानी, सचिव रविन्द्र बम्बोली, सहकोषाध्यक्ष विनोद चौहान ने शनिवार को बेंगलूरु सेन्ट्रल के सांसद पी सी मोहन से मुलाकात कर एमएसएमई के नए कानून के बारे में ज्ञापन दिया। ज्ञापन में एमएसएमई की धारा 43बी (एच) का कपड़ा एवं रेडीमेड गारमेंट व्यवसाय पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव पर विस्तृत जानकारी दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### मानवसेवा

बेंगलूरु के संतश्री मरुधर केसरीजी की पुण्यतिथि स्मरण के उपलक्ष्य में हलसूर महिला मंडल द्वारा हलसूर में जरुररतमंदों को छाछ वा गुड़ पानी का वितरण किया। इस अवसर में पर आशा बोहरा, इंद्रा गादिया, चंचल आच्छा, मंजू लोढ़ा, कंचन गादिया, संतोषी रांका आदि ने मानवसेवा में सहयोग किया।

# बिना चालकों के 70 किलोमीटर तक दौड़ी 53 बोगियों वाली मालगाड़ी

जम्मू/चंडीगढ़। डीजल इंजन से चलने वाली मालगाड़ी ने रविवार को चालकों के बिना जम्मू-कश्मीर के कठुआ से पंजाब के होशियारपुर जिले के एक गांव तक 70 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना सुबह 7:25 से नौ बजे के बीच हुई, लेकिन इस दौरान किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। उन्होंने बताया कि घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि चिप पत्थरों से लदी 53 बोगी वाली मालगाड़ी जम्मू से पंजाब जा रही थी। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने प्रारंभिक जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि चालक बदलने के लिए ट्रेन को जम्मू के कठुआ रेलवे स्टेशन पर रोका गया था और ऐसा प्रतीत होता है कि यह जम्मू-जालंधर खंड पर ढलान वाली पटरी पर लुढ़कने लगी। अधिकारियों ने कहा कि दोनों चालक 'लोको पायलट' और 'सहायक लोको पायलट' मालगाड़ी में सवार नहीं थे। उन्होंने बताया कि रास्ते में ट्रेन की गति बढ़ती गई और आखिरकार वह पंजाब के ऊंची बस्सी रेलवे स्टेशन के पास एक चढ़ाई पर रुक गई। जम्मू के संभागीय यातायात प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि घटना का सही पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया, ऐसा प्रतीत होता है कि ट्रेन पंजाब की ओर जाते समय ढलान पर लुढ़कने लगी थी।



# सेंट्रल संघ धार्मिक पाठशाला में 80 विद्यार्थियों ने लिया भाग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ सेंट्रल के तत्वावधान में रविवार को जैन बाल संस्कार पाठशाला का आयोजन वीवीपुरम जैन कॉलेज में हुआ। पाठशाला में 80 से अधिक बालक बालिकाओं ने भाग लिया।

बच्चों को 24 तीर्थंकर,11 गणधरों के नाम एवं इतिहास का अभ्यास करवाया गया। अध्यापन व्यवस्था में संजयकुमार कचोलिया, प्रेमचंद्र चंद्रावत, अलका कोचेटा, संजना मरलेचा आदि ने सेवाएं प्रदान की।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com